दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शनिवार 27 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 288 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## यूपी सरकार अग्निवीरों को प्रदेश पुलिस और पीएसी में देंगे आरक्षण : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में आरक्षण देने की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो-सामान के मामल में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



### समय-समय पर रिफॉर्म अत्यंत जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति और समृद्धि के नित नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर फील्ड में पिछले 10 साल में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं।

### अग्निवीर को लेकर युवाओं में उत्साह

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कारीडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है। 10 लाख अग्निवीर भारतीय सेना के अग्निपथ पर मजबूत जवान के रूप में अपनी सेवा देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दलों के लिए स्वयं की राजनीति देश से बड़ी हो गई है। वो देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। वह हर रिफॉर्म और प्रगति वाले कार्य में टांग अड़ाने, गुमराह करने और बयानबाजी करने जैसे कृत्य करते रहते हैं।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को मिली संगठन में बड़ी जिम्मेदारी

### बनाये गये यूनियन टेरेटरी चंडीगढ़ के भाजपा प्रभारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का ग्राफ भाजपा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने अपने व्यवहार से और अपनी कार्यशैली से ये उपलब्धि हासिल की है। यदि उनके ग्राफ को देंखे तो पता चलता है कि अतुल गर्ग को भाजपा इन दिनों फोकस में लेकर चल रही है। अतुल गर्ग शहर विधायक थे और उन्हें लोकसभा का टिकट दिया गया। यह घटना सामान्य नहीं थी क्योंकि अतुल गर्ग उस सीट पर उम्मीदवार बनाये गये जो सीट भाजपा में वीवीआईपी आरक्षित सीट मानी जाती है और किसी को उम्मीद भी नहीं थी कि सिटिंग सांसद का टिकट काट कर अतुल गर्ग को यहां उम्मीदवार बनाया जायेगा। अतुल गर्ग भी पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे और तीन लाख से ज्यादा वोटों से ऐसे माहौल में जीत हासिल की जब कम मतदान के चलते अनुमान कुछ और लगाये जा रहे थे। अतुल गर्ग को अब एक बड़ी जिम्मेदारी फिर से मिली है। पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा किया है और अतुल गर्ग को यूनियन टेरेटरी चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। ये एक बड़ी जिम्मेदारी है। बड़ी जिम्मेदारी इस मायने में है कि भाजपा में प्रभारी पूरे देश में 40 बनाये जाते हैं और अतुल गर्ग उन 40 भाजपा नेताओं में शामिल हैं जिन पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा किया है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को प्रभारी बनाया गया है। सियासी गलियारों में इसे अतुल गर्ग का स्पेशल शॉट माना जा रहा है। उनका कद बढ़ा है और प्रभारी पद भी बड़ा माना जाता है। अतुल गर्ग लगातार तेजी से सफलता की सीढ़िया चढ़ रहे हैं। एक बार उन्होंने फिर उन्होंने अपनी आदत के मुताबिक सप्राईज दिया है। वो चंडीगढ़ के प्रभारी बने हैं।



## कांवड़ यात्रा: 29 जुलाई से 2 अगस्त तक बंद रहेंगे जिले के सभी स्कूल

### जिलाधिकारी ने दिया आदेश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** सावन मास की कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। अब कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों की सड़क पर भीड़ बढ़ने लगी है। भारी वाहनों के प्रवेश के बाद हल्के वाहनों के मार्ग पर रूट डायवर्जन कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने 29 जुलाई से 2 अगस्त तक जिले के समस्त विद्यालयों को अवकाश की घोषणा की है। गाजियाबाद के अधिकांश स्कूल प्रमुख मार्गों पर हैं। यहां से दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान को लौटने वाले और जाने वाले शिव भक्त अलग-अलग स्थानों के लिए जाते हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि कांवड़ा यात्रा के दौरान बच्चे, परिजनों व वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी होगी, देरी होगी, इस वजह से किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इसीलिए सभी बोर्ड के निजी और सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सूचना जारी कर दी गई है कि समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक सीबीएसई, आईसीएसई में उच्च शिक्षा संस्थान चाहे वह किसी भी बोर्ड अथवा किसी भी स्तर का हो, इस आदेश का कड़ाई से सभी को अनुपालन कराया जाएगा।

## आरटीओ दफ्तर पर लगा छापा और हो गया कमाल

### एडीएम सिटी साहब को नहीं मिला कोई भी दलाल

### शुक्रवार को खाली नजर आया दलालों से भरा इलाका





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग के कार्यालयों पर अधिकारियों का औचक निरीक्षण व छोपमारी का अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गाजियाबाद के आरटीओ कार्यालय पर एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने स्थानीय अधिकारियों के साथ यहां छापेमारी की कार्रवाई की, लेकिन छापेमारी के दौरान आरटीओ गाजियाबाद कार्यालय में अलग नजर देखने को मिला। अमूमन दलालों से भरा रहने वाला कार्यालय और उसके आसपास का इलाका खाली और सुनसान देखा गया। तो वहीं कार्यालय में भी कोई दलाल अधिकारियों को नजर नहीं आया। हालांकि एकाएक अधिकारियों के आने से विभाग के कुछ कर्मचारी हरकत में जरूर देखे गए।

### पार्किंग भी पाई गई खाली

**करंट क्राइम ।** शुक्रवार को आरटीओ कार्यालय बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र का नजारा कुछ बदला बदला हुआ था। कार्यालय के बाहर जहां दोपहिया और चौपहिया वाहनों में आरटीओ में काम करने वाले दलालों का जमावड़ा लगा रहता था, वहां शुक्रवार को सन्नाटा देखा गया। वहीं वाहनों से भारी रहने वाली पार्किंग में भी कुछ चंद अधिकारियों की गाड़ी नजर आ रही थी। अलग-अलग काउंटर जिन पर लाइसेंस बनवाने से लेकर अपॉइंटमेंट दिलवाने के लिए भीड़ रहती है, वहां पर भी गिनती के लोग नजर आ रहे थे। ऐसा नजारा इसलिए था क्योंकि शुक्रवार को यहां एडीएम सिटी गंभीर सिंह और उनके साथ अधिकारियों की टीम ने छापा मारा था। जिन्हें छापामारी के दौरान सब कुछ ऑल इन वेल वाली रिपोर्ट मिली है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या छापेमारी की कार्रवाई आरटीओ के दलालों और वहां एक्टिव रहने वाले स्टाफ को पहले से थी या वजह कुछ और ही रही।

## एमएलसी दिनेश गोयल को मिलेगा रैड कारपेट और गारद सलामी का सम्मान

### प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जांच समिति के सभापति में आया है उनका नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल शांत स्वभाव के साथ लगातार काम करते हैं। दिनेश गोयल की राजनीति का अपना अंदाज है और उनका कद सरकार ने बढ़ाया है। दिनेश गोयल पर सरकार ने भरोसा जताया है और उन्हें उस समिति का सभापति बनाया है जिस समिति के हाथ में कई बड़े सरकारी अधिकारियों की जांच होती है। कई मामलों में उनकी जांच रिपोर्ट कई के प्रमोशन का फैसला तय करेगी। एमएलसी दिनेश गोयल उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति बनाये गये हैं। समिति का कद स्टेटस वाला माना जाता है। ये समिति जब भी किसी भी जिले में जांच के लिए जायेगी तो अनिवार्य रूप से सरकारी सभागार खुलेगा। गारद सलामी से लेकर रैड कारपेट होगा। समिति की जांच में अधिकारियों को मौजूद रहना पड़ेगा। प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जांच समिति के सभापति के रूप में एमएलसी दिनेश गोयल को ये बड़ी जिम्मेदारी मिली है। समिति में दस अन्य लोग भी लिये गये हैं जिन्हें सदस्य का दर्जा मिला है। ये सभी सदस्य विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्हें भी जिम्मेदारी दी गई है।



### अश्वनी त्यागी-आशुतोष सिन्हा सहित दस एमएलसी हैं सदस्य

**करंट क्राइम।** दिनेश गोयल जिस प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जांच समिति के सभापति बनाये गये हैं यह समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 80 (1) के अर्न्तगत बनायी गई है। इस समिति मे एमएलसी दिनेश गोयल सभापति तथा दस अन्य एमएलसी सदस्य बनाये गये हैं। समिति के सदस्यो में भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्व प्रदेश महामंत्री तथा मौजूदा एमएलसी अश्वनी त्यागी का नाम है। इसके अलावा कानपुर से सलिल विश्नोई, सुल्तानपुर से शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आगरा से विजय शिवहरे, गोरखपुर से सीपी चंद, बलिया से रवि शंकर सिंह पप्पू भैया, अम्बेडकर नगर से हरिओम पांडेय, देवरिया से डॉ रतन पाल सिंह और महोबा से जितेन्द्र सिंह सेंगर तथा वाराणसी से आशुतोष सिन्हा को स्थान मिला है।

## वीवीआईपी मैन का वीवीआईपी शॉट, शेयर बाजार को कर दिया हॉट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की वो शख्सियत हैं और उनकी पहचान ये है कि वो हर काम को एक रॉयल अंदाज से करते हैं और अपनी अलग छाप छोड़ते हैं। वो गाजियाबाद के एक ऐसे चेहरे हैं जिनकी पहचान सितारों की दुनिया से लेकर बिजनेस वर्ल्ड तक है। वो अपने शहर को कुछ देना चाहते हैं और हमेशा सबको साथ लेकर चलने की भावना से काम करते हैं। क्रिकेट की दुनिया में उन्हें आईवीपीएल का जनक कह सकते हैं और युवा चेहरे बता देंगे कि उनके कैरियर में वीवीआईपी मैन का क्या योगदान रहा है। ये वीवीआईपी मैन कोई और नहीं गाजियाबाद के प्रवीण त्यागी हैं। वो वीवीआईपी ग्रुप के चेयरमैन हैं। खेल गतिविधियों में उनका अपना एक अलग नाम हैं। गाजियाबाद में क्रिकेट की बात करते हैं तो इस नाम से कई खिलाड़ियों की पहचान है इस नाम से किसी स्टेडियम की पहचान है और ये नाम गाजियाबाद की शान है। वीवीआईपी चेयरमैन प्रवीण त्यागी उन बिल्डरों में हैं जिन्होंने गाजियाबाद में हाईराईज कल्चर की शुरूआत की और आज उनके प्रोजेक्ट में रहना एक स्टेटस सिम्बल है। उनकी सोसाइटी का एड्रेस होना ही अपने आप में एक शान मानी जाती है। बिजनेस, खेल, क्रिकेट, फिल्म जगत का ये शानदार चेहरा अब शेयर बाजार की दुनिया में छा गया है। एक बड़ा शॉट शेयर बाजार की दुनिया में वीवीआईपी मैन ने मारा है। एक ऐसा कदम उठाया है कि पूरी दुनिया के सामने मिसाल बने हैं। गाजियाबाद के वीवीआईपी मैन ने शेयर की दुनिया में वीवीआईपी रूतबा हासिल किया है। एक बड़े पटल पर ये नाम उभर कर आया है। वीवीआईपी ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण त्यागी ने नया रिकार्ड बनाते हुए अपनी कंपनी का आईपीओ 23 जुलाई को लांच किया। यहां बड़ी कामयाबी ये मिली है कि उन्होंने अपने तीस प्रतिशत शेयर मार्किट में बेचने के लिए मार्किट में ओपन किये और तीन दिन के अंदर उनके शेयर पर 236 गुना ज्यादा लोगों ने शेयर पर पैसा लगाया। इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने इस ग्रुप के शेयर खरीदने में रूचि दिखाई है ये बड़ी बात है। ये अपने आप में रिकार्ड है और वीवीआईपी ग्रुप के लिए बड़ी उपलब्धि है।



VVIP ™

### 220 गुना लोगों ने जताया भरोसा और जमकर की शेयर की खरीददारी

### जो शेयर बेचने थे 61 करोड़ के उस पर लोगों ने जमा कर दिये 9635 करोड़ रूपये

**करंट क्राइम।** वीवीआईपी ग्रुप ने कामयाबी का परचम लहरा दिया है। वो अपने शेयर मार्किट में लेकर आये और लोगों ने इस पर भरोसा किया। जो शेयर सिर्फ 61 करोड़ रूपये के बेचने थे उस पर लोगों ने 9635 करोड़ रूपये शेयर खरीदने के लिए एप्लाई करते हुए जमा कर दिये। अब यह सेबी को तय करना है कि वो किन-किन लोगों को शेयर अलॉट करते हैं लेकिन ग्रुप के लिए ये गर्व की बात है कि लोगों ने उन पर भरोसा जताया है।

### शेयर होल्डर की आशाओं पर खरा उतरना मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती : प्रवीण त्यागी

**करंट क्राइम।** स्पोर्ट्स, फिल्म और कल्चरल एक्टिविटी के साथ आईवीपीएल वाले प्रवीण त्यागी अब शेयर बाजार में छा गये हैं। एक बड़ा अचीवमेंट हासिल किया है। दैनिक करंट क्राइम ने वीवीआईपी चेयरमैन प्रवीण त्यागी से बात की। प्रवीण त्यागी ने कहा कि मुझे खुशी इस बात की ज्यादा है कि हमारे प्रोजेक्ट पर लोगों ने विश्वास किया। जितने का इश्यु लिया था उसके 220 गुना लोग शेयर खरीदना चाहते हैं। निश्चित रूप से ये हमारे लिए गौरव की अनुभूति है कि हम बाजार में अपने ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरे हैं। हमें कहने की जरूरत नहीं है और सब देख रहे हैं कि हमारे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता की साख बाजार में क्या है। लोगों का प्यार मिला है और जिम्मेदारी बढ़ी है। अभी तक ये जिम्मेदारी तीन लोगों की थी। जिनमें मैं स्वयं और मेरे बेटे वैभव और विभोर हैं। लेकिन अब शेयर बाजार में आने के बाद उन सभी शेयर होल्डर की उम्मीदों पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। सभी शेयर होल्डर अब हमारे सभी प्रोजेक्ट के पार्टनर हैं और ये मेरे लिए बड़ी चुनौती है कि मैं इस साख को कायम रखूं और अपने शेयर होल्डर की आशाओं पर खरा उतरूं।

### रविन्द्र त्यागी ने कहा हम सभी का बढ़ाया मान, हमारे लिए गर्व का दिन



**करंट क्राइम।** बोर्ड फोर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया के वाईस चेयरमैन, बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की वाटर एंड सेनीटेशन कमेटी के चेयरमैन तथा वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने अपने प्रिय मित्र प्रवीण त्यागी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। रविन्द्र त्यागी और प्रवीण त्यागी अभिन्न मित्र हैं। रविन्द्र त्यागी ने कहा कि हमारे प्रिय मित्र प्रवीण त्यागी ने व्यापार में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ये एक रिकार्ड है और प्रवीण त्यागी के साथ-साथ हम सब मित्रों के लिए भी गर्व का दिन है। प्रवीण त्यागी ने हम सबका मान बढ़ाया है। मुझे खुशी है कि मेरे मित्र तरक्की कर रहे हैं।

# विजय दिवस देश के गर्व का पर्व, अग्निपथ योजना से 370 तक पीएम ने की मुख्य बातें

**जम्मू।** पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान अग्निपथ योजना, अनुच्छेद 370, वन रैंक वन पेंशन, रक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधार, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हो रहे विकास पर अपनी बातें कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के स्वाभिमान और गर्व का पर्व है। ये जीत किसी सरकार या दल की नहीं, बल्कि देश की जीत थी। ये जीत देश की विरासत है। शुक्रवार को द्रास में कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुई प्रधानमंत्री ने ये बातें कहीं।

### अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्निपथ योजना को लेकर हमलावर हुए विपक्ष को जमकर लताड़ा। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना है। देश की सेनाओं को युद्ध के लिए हमेशा योग्य बनाए रखना है। पीएम मोदी ने कहा, 'कुछ लोग सेना के इस सुधार पर राजनीति कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके सेना को कमजोर किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने वायु सेना को आधुनिक विमान न मिले।' अपनी इस टिप्पणी से उन्होंने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधा।

### अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी

पीएम मोदी ने कहा, 'सच्चाई ये है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी। भारत के अधिक से अधिक युवा मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएंगे। निजी क्षेत्र ने



भी अग्निवीर को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। कहा, 'आरोप लगाए जा रहे हैं कि सेना पेंशन को बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है।

### वन रैंक वन पेंशन पर विपक्ष को घेरा

पीएम ने कहा, ' इन लोगों ने वन रैंक वन पेंशन पर झूठ बोला। हमारी सरकार ने इसे लागू किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने वार मेमोरियल नहीं बनाया। सेना के जवानों को प्रर्याप्त बुलेट प्रूफ जैकेट भी नहीं दी। ये वही लोग हैं जो कारगिल विजय दिवस को भी नहीं मनाते हैं। पाकिस्तान ने विश्वासघात किया। पीएम ने कहा कि कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था। लेकिन सत्य की भी जीत हुई है। उस समय भारत शांति के लिए कार्य कर रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने विश्वासघात किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध के सहारे खुद को प्रासंगिक प्रयास कर रहा है।

### आतंकवाद के आकाओं को ललकारा

पीएम ने कहा, 'आज मैं उस मंच से बोल रहा हूं। यहां से आतंकवाद के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई दे रही है। मैं उन्हें कह देना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# राज्यसभा में किसानों के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

## सभापति बोले जयराम रमेश को नहीं पता 'क' 'ख' 'ग'

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को उच्च सदन राज्यसभा में किसानों के मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एमएसपी को लेकर चर्चा कर रहे थे। इस पर कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश और सपा सांसद रामजी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने इस पर हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। आप किसान की चर्चा को बाधित कर रहे हैं। किसानों के मुद्दे पर इस तरह का हंगामा ठीक नहीं है। किसान की सेवा करने का यह तरीका नहीं होता है। जयराम रमेश आपको किसानों के बारे में 'क' 'ख' 'ग' 'घ' भी नहीं पता है।

दरअसल राज्यसभा की कार्यवाही में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद राम जी सुमन एमएसपी को लेकर केंद्र सरकार से सवाल कर रहे थे। उन्होंने किसानों की सहायता के लिए 12 जुलाई 2000 को बनी कमेटी को लेकर सवाल उठाए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके सवाल



का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस समिति को गठित करने का उद्देश्य किसानों को एमएसपी उपलब्ध कराना, व्यवस्था को पारदर्शी बनाना और कृषि मूल्य को अधिक स्वायत्तता और कृषि वितरण प्रणाली के लिए सुझाव देना है। किसान हमारे लिए भगवान की तरह हैं। किसान की सेवा हमारे लिए पूजा जैसी है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने आगे कहा कि इस समिति के तहत अब तक 22 बैठकें हो चुकी हैं। समिति जो सिफारिश करेगी, उस पर विचार किया जाएगा।

इस पर सपा सांसद राम जी ने तंज कसते हुए कहा कि ये जो किसान को भगवान बता रहे हैं उन्हें किसान से कोई लेना देना नहीं है। सीधा जवाब क्यों नहीं देते कि आप एमएसपी को कानूनी दर्जा देना चाहते हैं या नहीं ? बीच में हस्तक्षेप करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि 'राम' 'शिव' से सवाल पूछ रहे हैं। इसके बाद शिवराज सिंह ने सपा सांसद राम जी को जवाब देते हुए कहा कि किसानों की फसल का सही दाम देने के लिए एमएसपी की दरें लगातार बढ़ाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के हित में लगातार फैसले कर रहे हैं।

## हत्या से गुस्साऐं परिजन अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे

# हत्यारोपियों के आवास पर बुलडोजर चलायें जाने व मोदीनगर एसीपी को हटायें जाने मांग

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गुरूवार को हुए हत्याकांड में नामजद आरोपियों के आवास पर बुलडोजर चलायें जाने व मोदीनगर एसीपी को हटायें जाने की मांग को लेकर परिजनों ने रात भर शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं जानें दिया। दलित समाज के सैकड़ों लोग एक निजी अस्पताल के बाहर रातभर धरने पर बैठे रहें। शुक्रवार की सुबह अस्पताल पंहुचे एसीपी अंकुर बिहार व थाना प्रभारी ने किसी तरह परिजनों को समझाया और उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाही की जायेंगी। उसके बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। गांव सीकरी मार्ग रेलवे फाटक के पास गुरुवार रात को रामकुमार जाटव व उनके पुत्र





सौरभ को पुरानी रंजिश के चलते गोली मार दी गई थीं। जिसके चलते पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पुत्र की हालात गंभीर बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के चलते ही यह हत्या हुई है। बताते चले कि करीब एक वर्ष पूर्व हुये विवाद में यदि पुलिस आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कर लेती तो यह हत्या नहीं होती है। हत्या होने के लगभग 13 घंटे तक परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं जाने दिया। परिजन दलित समाज के लोगों के साथ दिल्ली- मेरठ मार्ग स्थित एक नीजी अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे रहें। सुबह करीब नौ बजे डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। मौके पर पीएसी की दो बटालियन सहित कई थानों की पुलिस फोर्स बुला लिया गया है। रामकुमार के गांव कलछीना से बड़ी संख्या में एकत्रित होकर ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम, बसपा नेता मोहित जाटव, देवपाल हरित व रालोद के शहर अध्यक्ष विनोद गौतम भी मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने शव उठाने से मना कर दिया। मामला बढ़ने पर डीसीपी ग्रामीण विवेकचंद मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ने भीड़ ने उनका घेराव कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके सामने धरने पर बैठ गए। डीसीपी ने भीड़ को मनाने का प्रयास किया मगर भीड़ ने उनकी एक नहीं सुनी। आक्रोशित लोग हत्यरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने और एसीपी को तत्काल हटाने की मांग पर अड़ गए। शुक्रवार की सुबह किसी तरह पुलिस के आलाधिकारियों के समझाने के बाद रामकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया और दोपहर बाद रामकुमार के शव को गांव कलछीना में ही भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अंतिम सस्कार कर दिया गया।

### अधिकारी कथन

**करंट क्राइम।** डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव ने बताया कि गांव सीकरी रेलवे फाटक के निकट बाइक सवार पिता रामकुमार व पुत्र सौरभ पर फायरिंग की गई। गोली लगने से रामकुमार की मौत हो गई व सौरभ घायल हो गया है। परिजनों ने सीकरीखुर्द निवासी जितेन्द्र व उसके परिवार के चार लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों को लगाया है।

### कैसे शुरू हुई रंजिश

**करंट क्राइम।** मृतक रामकुमार के बड़े पुत्र गौरव जाटव ने बताया कि बीते वर्ष 13 अगस्त की रात्री लगभग सात बजे गांव सीकरी खुर्द निवासी वीर सिंह का पुत्र आशु शराब पीकर उनकी डेयरी पर आया और वहां महिलाओं के सामने ही पेशाब करने लगा। गौरव के ताऊ जगपाल ने विरोध किया तो आशु ने जाति सूचक शब्द कहते हुए उनसे अभद्रता कर जमकर गाली गलौच की। ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत करा दिया। आरोप है कि इसके एक घंटे बाद आशु अपने भाई अंकित, अमित, राहुल, पिता वीर सिंह व अन्य छह सात लोगों के साथ लाठी डंडे लेकर जबरन उनके घर में घुस गया और तोड़फोड़ करते हुए जगपाल को पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया था। आरोप है कि उस दौरान पुलिस ने मौके से ही आरोपी राहुल व वीर सिंह को पकड़ लिया था, लेकिन बाद में पैसे लेकर उन्हे छोड़ दिया और उलटा रामकुमार के परिवार पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। उन्होने पुलिस के तमाम अधिकारियों से मामले की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद रामकुमार ने 28 अगस्त 2023 को कोर्ट में प्रार्थना दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मार्च 2024 को बलवा, घर में घुसकर जनलेवा हमले करने सहित कई धाराओं में आशु, अंकित, अमित, राहुल, पिता वीरसिंह, राजेन्द्र व छह अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की पैरवी रामकुमार ही करते थे। परिजनों का आरोप था, कि अगर पुलिस सही कार्रवाई करती तो रामकुमार की हत्या नहीं होती।

# नंदग्राम थाना क्षेत्र में महिला अपने प्रेमी के साथ फरार







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां 28 अप्रैल 2024 की रात पूजा नामक महिला ने अपने परिवार के सभी सदस्यों के खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर, घर में रखे 2 लाख रुपये और ज्वैलरी सहित अपनी 5 वर्षीय बेटी परी को लेकर अपने प्रेमी दीपक के साथ घर से फरार हो गई। अगली सुबह जब परिवार के सदस्यों ने देखा कि सभी गहरी नींद में हैं, तब उन्होंने पाया कि पूजा और परी घर से गायब हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि पूजा एक लड़के के साथ फरार हो गई है। परिवार ने तत्काल क्षेत्रीय थाना नंदग्राम में शिकायत दर्ज कराई है। 3 महीने बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। पूजा के पति अनुज ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी पूजा पिछले 9 साल से दीपक नामक व्यक्ति के साथ प्रेमप्रसंग में है, जो ग्राम जवाली थाना टीला मोड़ का रहने वाला है और दबंग किस्म का व्यक्ति है। अनुज ने बताया कि उसकी पत्नी पूजा घर के जेवर और नगदी लेकर फरार हो गई है। जिसे 3 महीने से ज्यादा समय हो गया है। हम चाहते हैं कि प्रशासन व समाज हमें इंसाफ दिलाए। अनुज की मां गुड्डन ने बताया कि उनका परिवार इस घटना से बहुत परेशान है और वे सामाजिक और कानूनी रूप से इंसाफ की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि पूजा अपने परिवार में वापस आना चाहती है, तो वे खुशी से उसे स्वीकार कर लेंगे, लेकिन उन्हें अपनी पोती परी वापस चाहिए। पूरे घर में इस घटना के बाद से गम का माहौल है और ससुराल पक्ष से भी कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।

# श्रावण मास, परमात्मा शिव और कांवड़ यात्रा, भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक विरासत : ब्रह्मकुमारी चक्रधारी दीदी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अनेक मान्यताओं, पद्धति, संस्कृति और परंपराओं को अपने अंदर समेटे हुए इस समृद्ध संस्कृति की विविधता का रंग स्वतः ही विश्व जनमानस को अपनी ओर आकर्षित करता है। वर्ष भर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम हों या सांस्कृतिक कार्यकलाप, पारंपरिक परिधानों से सुशोभित स्त्री- पुरुष निश्चल भाव से, बिना किसी सामाजिक विद्वेष भावना के, स्वयं किसी भी परिस्थिति को भूलकर उसमें समा जाते हैं। यह समा जाना ही मूल मंत्र है आध्यात्मिक प्रकम्पनों के परिवेश का, जो आगंतुकों को भी अभिभूत कर देता है। इसी कड़ी में हम आते हैं हिंदू कैलेंडर के अनुसार पांचवें माह, श्रावण मास में, जबकि बरसात आरंभ हो चुकी है, गर्मी भी तीक्ष्ण है। भगवान शिव की आराधना का पावन मास इसे माना जाता है। शिव की पूजा, अर्चना एवं जलाभिषेक का महत्व बहुत अधिक है। सोमवार का व्रत, शिव की बिल्वपत्र से पूजा, शिव भक्तों द्वारा कांवड़ यात्रा, जिसमें कांवड़ को कंधे में रख गंगाजल गंगोत्री या हरिद्वार से लेकर भगवान शिव के भिन्न-भिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। यह आस्था, विश्वास और भावना का अद्भुत पर्व है। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में परमात्मा शिव का वास्तविक परिचय, उनकी उपस्थिति का वास्तविक ज्ञान, उनसे होने वाली प्राप्ति, कालचक्र का ज्ञान, भक्ति मार्ग की परंपराओं के शुरू होने का समय, स्वयं की पहचान, कर्म सिद्धांत तथा राजयोग ध्यान के बारे में बताया जाता है। कालचक्र में वर्तमान समय अति महत्वपूर्ण है।



जब हम उपरोक्त आध्यात्मिक रहस्यों को जानकर यथार्थ रूप से भक्ति करते हैं तो उसका संपूर्ण फल प्राप्त कर सकते हैं।

हम संक्षेप में इन बातों को समझते हैं। संस्था का परिचय सन 1936 में स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना की। सिंध, हैदराबाद (अब पाकिस्तान) में स्थापित यह संस्था आज 88 वर्ष पूर्ण करते हुए, विश्व के पांचो महाद्वीपों में 140 देशों में, 9000 से अधिक सेवा केंद्रों द्वारा ईश्वरीय ज्ञान एवं राजयोग की शिक्षा दे रही है। इसका अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू (राजस्थान) में स्थित है। वर्तमान में संस्था की मुख्य प्रशासिका 100 वर्षीय दादी रतन मोहिनी जी हैं। यह विश्व की एकमात्र नारी शक्ति द्वारा संचालित संस्था है। परमात्मा शिव का परिचय- स्वयंभू शिव द्वारा उच्चारित परिचय ही यहां दिया जा रहा है। मैं एक ज्योति हूं। ज्योति धाम (शांति धाम, मुक्तिधाम, ब्रह्मलोक, परलोक, निर्वाण धाम आदि) का मैं रहने वाला हूं। आप आत्माएं भी यहीं की रहने वाली हो। मैं आप आत्माओं की तरह शरीर नहीं लेता हूं। पुनर्जन्म में नहीं आता हूं। कालचक्र में कलियुग के अंत, सतयुग की आदि के संगम पर (पुरुषोत्तम संगम युग) मैं आता हूं। मैं आप सर्व आत्माओं को वापस घर की स्मृति दिलाकर, ज्ञान-योग द्वारा संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन के सिद्धांत द्वारा, परिवर्तन कर श्रेष्ठ दैवी संसार की पुनर्स्थापना कर रहा हूं। जिसका प्रतिफल सतयुग, त्रेतायुग में २५०० वर्षों तक पुनः सुखमय सृष्टि का सुख भोगने के लिए आप आत्माओं को भेज कर, बांकी को वापस घर ले जाता हूं। द्वापर से पुनः भक्ति मार्ग में मेरे यादगार मंदिर बनाकर अनेक विधियों द्वारा मेरी पूजा आरंभ करते हो। आपकी इस भावना प्रधान भक्ति का फल, मैं जन्म-जन्मांतर के लिए दुःख, शोक, रोग, भय, चिंता से मुक्ति दिलाने के लिए ज्ञान (प्रकाश) देता हूं। अतः मेरे आत्मा रूपी बच्चों!!! अब पुनः ज्ञान के प्रकाश से स्वयं को जानो, मुझे पहचानो और भक्ति का फल पाओ। ब्रह्माकुमारीज के किसी भी सेवा केंद्र में यह आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग ध्यान की शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है।

## नाबालिक के साथ पिता ने किया दुष्कर्म, विरोध करने पर की मारपीट

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक कलयुगी पिता द्वारा नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आयाा है। दुष्कर्म का विरोध करने पर पिता ने अपनी नाबालिक पुत्री के साथ मारपीट कर उसे जमकर यातनायें दी। नाबालिक द्वारा आप बीती मां को बतायें जाने पर गुस्साई मां ने अपने पति के विरुद्व थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच की बात कह रही है। थानान्तर्गत एक गांव निवासी महिला का अपने पति से कुछ वर्ष पूर्व तलाक हो चुका है। नाबालिक पुत्री ने किसी माध्यम से अपनी मां को सूचना भिजवाई कि पापा उसके साथ काफी समय से गलत काम करते चले आ रहे है और उसके द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी व यातनाऐं देते है और उसे भूखा रखा जाता है। जिससे वह काफी परेशान है। महिला गत 14 जुलाई को अपनी पुत्री के पास पहुंची और इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112 को दी। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस खानापूर्ति कर चली गई। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दे कार्रवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच के उपरान्त कार्रवाही का आश्वासन दिया है।

## मस्जिद से नकदी व लैपटॉप चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मस्जिद से चोर 27 हजार रुपए की नकदी व लैपटॉप चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बेगमाबाद स्थित बड़ी मस्जिद के शाही इमाम कारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि 22 जुलाई की रात दो बजे के आसपास धार्मिक स्थल में घुसे चोर अलमारी में रखे 27,500 रुपए व लैपटॉप चोरी करके ले गए। इस संबंध में शाही इमाम ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## कांवड़ यात्रा के मद्देनजर 29 जुलाई से 2 अगस्त तक मोदीनगर के भी स्कूल-कॉलेज बंद

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिलाधिकारी के आदेश पर मोदीनगर के भी सभी स्कूल, कॉलिज 29 अगस्त से 2 अगस्त तक के लिये पूर्णतय बंद कर दिये जायेंगे। शुक्रवार को डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। 22 जुलाई से श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। 2 अगस्त को शिव रात्रि है और मुख्य जलाभिषेक होगा। लाखों कांवड़िएं मोदीनगर से होकर दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान को जाते हैं। 26 जुलाई की रात्रि से छोटे हल्के वाहनों का हाईवे पर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ व डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती को भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया





**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता संपन्न हुई ' इसी के साथ-साथ डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती को भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ' कार्यक्रम के अध्यक्ष स्कूल के प्रधानाचार्य महेश बाबू रहे ' पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में 43 बहिनों व 45 भईयाओं ने हिस्सा लिया, बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर तरीशा, द्वितीय स्थान पर मोनिश तृतीय स्थान पर आरफा रही ' शिशु वर्ग में हर्षिता शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का मन मोह लिया ' कारगिल दिवस पर मीनू चौधरी, वर्षा शर्मा , छात्रा ऐना चौधरी , अनन्या मित्तल ने अपने




विचार व्यक्त किए तथा महेश तोमर ,अंकित सागर, आकर्षित त्यागी ,अवनी त्यागी ,ने डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ये भारत के एक महान रासायनिक, उद्यमी तथा महान शिक्षक थे, इन्होंने ही सबसे पहले रसायन उद्योग की नीव भारत में डाली थी ये प्रेसिडेंट कॉलेज में विद्यार्थियों की कक्षा में व्याख्यान देते समय भी यह कहना नहीं भूलते थे कि विज्ञान प्रतीक्षा कर सकता है, परंतु स्वराज नहीं 1892 में उन्होंने देश की पहली 'केमिस्ट्री फैक्ट्री बंगाल केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल वर्क 'के नाम से स्थापित की थी जो आज भी कार्यरत है ' इस मौके पर सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# नारी न्याय आंदोलन से शुरू होगी कांग्रेस की महिला आजादी और इंसाफ की लड़ाई : पूजा चड्डा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व मे 29 जुलाई सोमवार को देशभर की महिलाएं दिल्ली के जंतर मंतर पर 'नारी न्याय आंदोलन' के लिए एकत्रित होने जा रही हैं। मुख्य रूप से हमारी 3 मांगे है। पहली मांग में महिला आरक्षण कानून तुरंत लागू हो तथा ओबीसी वर्ग को भी महिला आरक्षण में शामिल किया जाए। दूसरी मांग महिलाओं को बढ़ती महंगाई से मोदी



सरकार राहत दे और उनका आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए बैंक खातों में पैसे डाले। और तीसरी मांग के रूप में सरकार बढ़ते हुए अपराध पर लगाम लगा कर महिलाओं को सुरक्षा देने की बात कही है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की नेता पूजा चड्डा ने कहा कि देशव्यापी क्रांति में भाग लेकर, इस देश की आधी आबादी की आवाज बनने के लिए गाजियाबाद से महिला कार्यकर्ताओं की क्रान्तिकारी टोली दिल्ली पहुंचेगी और राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में जंतर मंतर पर होने वाले संसद के घेराव पर में भाग लेंगी। पूजा चड्डा ने कहा कि यह लड़ाई और संघर्ष न्याय और हक मिलने तक जारी रहेगी।

## व्यापारियों की समस्याओं को शासन स्तर से सुलझाने का दिया आश्वासन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री का यंहा विभिन्न मंडलो के संगठन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों की समस्याओं को शीघ्र ही शासन प्रशासन के स्तर पर सुलझाने का आश्वासन दिया। कहा कि वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री स्तर तक वार्ता कर सुलझाएंगे। मेरठ मंडल के सहप्रभारी प्रदीप बोस ने जीएसटी कार्यालय के मोदीनगर से गाजियाबाद स्थानांतरण को अनुचित बताया व पुनः जीएसटी कार्यालय को मोदीनगर वापस लाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि मोदीनगर के व्यापारी का गाजियाबाद में उत्पीड़न होता है। इस पर तिलक राज अरोड़ा ने कहा कि मोदीनगर के व्यापारियों की इस समस्या का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वदेश जैन ने कहा कि हमारा व्यापार मंडल सदैव से ही व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाता आ रहा है। व्यापारी की किसी भी समस्या को सुलझाने के लिए हम कृत संकल्पित है। महामंत्री डॉ0 अनुज अग्रवाल ने कहा कि किसी भी सरकारी कर्मचारियों द्वारा व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर अध्यक्ष मेहराम चंदेला ने सभी आगुंतक व्यापारियों का आभार जताया। बैठक में विजय मलिक, नीरज गर्ग, विशाल जैन, योगेश सैन, संजीव अरोड़ा, छबीलदास चावला, नितिन तायल, महावीर चंदेला, संजय वर्मा, देवी शरण गर्ग, सोनू गेरा, करतार भाटी, लक्ष्मीकांत गुप्ता, अमित कुमार, देवेंद्र कुमार, गंगा शरण, विश्वदीप भारद्वाज, अजय मेंदीरत्ता आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद रहें।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 27 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE (Your Health is Our Priority)
Ultrasound ✚ Digital X-Ray ECG ✚ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360



# कांवड़ियों के भेष में सौ खाकी वाले 'भोले' करेंगे सुरक्षा



गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा में अब धीरे-धीरे भीड़ बढ़ेगी। भीड़ बढ़ने के साथ पुलिस और प्रशासन की तैयारी का टेस्ट होगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन को मिलाकर कुल 104 पुलिस कर्मियों को कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष तौर पर भोले के भेष में ड्यूटी लगाई जाएगी। जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन में 30 पुलिसकर्मी, तो वहीं सिटी जोन में 30 और देहात जोन में 44 पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रा में ड्यूटी के दौरान भोले के भेष में रखा जाएगा। यह पुलिसकर्मी ना तो खाकी वर्दी पहनेगें और ना इनके पास आपको दूर से असलहा नजर आएगा लेकिन भोले बाबा के भेष में भी रहकर यह कांवड़ियों की सुरक्षा और कांवड़ यात्रा पर किसी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों पर निगरानी रखने का काम करेंगे। सूत्रों से जानकारी मिली है की कांवड़ियों के भेष में रहने वाले इन पुलिसकर्मियों को दाढ़ी बढ़ाने, बाल ना काटने और स्टाइलिश चश्मा से लेकर भगवा वस्त्र धारण करने की छूट भी दी गई है।

## कांवड़ यात्रा में पहली बार होगा बॉडी वार्न कैमरा इस्तेमाल

### हर थाने से चार पुलिसकर्मी रहेंगे भोले

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा और उन पर निगरानी को लेकर विशेष फोकस रहता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए पुलिस के स्पेशल स्टाफ पुलिसकर्मियों को भोले बाबा के भक्तों के वेशभूषा में रखा जाता है। यह पुलिसकर्मी कांवड़ यात्रा के दौरान ना तो शेविंग करते हैं और ना खाकी वर्दी धारण करते हैं। उनके पास अपना नेटवर्क सिस्टम रहता है यह आपस में व्हाट्सएप ग्रुप या एक खास फ्रीक्वेंसी पर बातचीत भी करते हैं। यह इसलिए किया जाता है ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुरक्षा या गड़बड़ी न होने पाए। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस वर्ष 104 पुलिसकर्मियों को भोले वाली पुलिसिंग का जिम्मा दिया गया है। जिसमें लगभग प्रत्येक थाने से चार पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

### 120 पुलिसकर्मी पहनेगें बॉडी वार्न कैमरा



**करंट क्राइम ।** कवंड़ यात्रा में इस बार सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मी हाईटेक अंदाज में नजर आएंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यह पहला मौका है जब बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए बॉडी वार्न कैमरे को पहनकर ड्यूटी देंगे। बॉडी वार्म कैमरे में जहां पुलिसकर्मी लंबी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रख सकते हैं। वही वह आसपास होने वाली गतिविधियों को भी कैद करने का काम करेंगे। वहीं अधिकारियों से जानकारी मिली है कि यह बॉडी वार्म कैमरा कंट्रोल रूम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के फोन पर भी लाइव फीडिंग भेजने के इस्तेमाल में लिए जा सकते हैं।

### ड्यूटी में लापरवाही पर दरोगा और सिपाही निलंबित

**करंट क्राइम ।** थाना विजयनगर क्षेत्र की चिता नंबर 8 पर ड्यूटी कर रहे उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह व आरक्षी राजीव कुमार थाना विजयनगर की ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी के प्रति उदासीनता व लापरवाही पाए जाने पर डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दें कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस- वे पर अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए डासना गेट से यूपी गेट तक तीन शिफ्ट में छह चीता मोबाइल की ड्यूटी लगाई जाती है। शुक्रवार रात को एक्सप्रेसवे पर अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई थी, यातायात सुचारू नहीं चल रहा था। इस दौरान डीसीपी सिटी ने निरीक्षण किया तो लापरवाही पाई जाने पर पुलिसकर्मियों पर तत्काल एक्शन लिया गया।

# बार सचिव पद की लड़ाई अब जातीय संघर्ष की ओर, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## जिलाधिकारी को सौंपा गया पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव को लेकर सचिव पद पर जारी विबाद थम नहीं रहा है। शुक्रवार को इस विवाद का सातवां दिन था, उधर अब यह पूरा मामला बहुजन समुदाय को दबाने का बनता हुआ नजर आ रहा है। इस मामले में बार एसोसिएशन के पद पर खुद को सचिव बताने वाले हरेंद्र गौतम व उनकी बहुजन समुदाय की टीम ने जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी चुनाव 19 जुलाई को संपन्न हुआ था। जिसमें सचिव पद पर प्रत्याशी हरेंद्र गौतम को अनुसूचित जाति को सर्वाधिक मित प्राप्त हुए थे लेकिन हरेंद्र गौतम अनुसूचित जाति का होने कारण उन्होंने हारने के उद्देश्य नियम विरुद्ध जाकर वोटो की गिनती छह बार की गई। प्रत्येक बार हरेंद्र गौतम के अन्य प्रत्याशियों से अधिक मत रहे लेकिन अन्य पदों पर विजयी नहीं हुए घोषित कर दिए गए लेकिन हरेंद्र गौतम के साथ जातीय भेदभाव करते हुए उन्हें विजयी घोषित नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि आजादी के लगभग 77 वर्ष बाद भी दिल्ली के समीप एनसीआर गाजियाबाद में इस तरीके का जातीय भेदभाव दशार्ता है कि पूरे देश में अनुसूचित जाति के लोगों के साथ किस तरह के अत्याचार और पीड़ित हो रहा है। उन्होंने इस भेदभाव को लेकर दुख जाहिर किया है और कहा है कि इसको बहुजन समुदाय के लोग सहन नहीं करेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अजय प्रधान, प्रवीण सिंह व्यास, प्रवेश कुमार, सुंदर पाल गौतम, ब्रजेश गौतम, पंकज कुमार, मुकेश गौतम, प्रसनजीत गौतम, उमेश कुमार, मुकेश कुमार एडवोकेट, ओमवीर, जोग सिंह, स्वराजभान उपस्थित रहे। उधर इस मामले में वर्तमान बार अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है की आधिकारिक तौर पर अमित नेहरा को घोषित किया जा चुका है। हरेंद्र गौतम द्वारा लगातार अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं।

# आज से शुरू होगा मेरठ रोड का कांवड़ कंट्रोल रूम

## एटीएम सिटी और एसीपी नंदग्राम ने किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा का सीजन चल रहा है और कांवड़ यात्रा में अब कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया। कांवड़ियों की भीड़ बढ़ेगी तो मेरठ रोड पर दबाव आएगा। इसको लेकर पुलिस प्रशासन और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की ओर से मेरठ रोड पर सिविल डिफेंस का सहयोग लेते हुए हाईटेक कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम का निर्माण किया गया है।

कांवड़ यात्रा को लेकर बनाए गए कंट्रोल रूम की तैयारियों का शुक्रवार को एडीएम सिटी गंभीर सिंह और एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने निरीक्षण किया। यहां लगी मॉनिटरिंग स्क्रीन, सीसीटीवी, अधिकारियों के कक्ष और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बता दें कि शनिवार 27 जुलाई से मेरठ रोड स्थित कांवड़ यात्रा हाईटेक कंट्रोल रूम का शुभारंभ हो जाएगा, जो 5 अगस्त तक यात्रा संपन्न होने तक वर्किंग में रहेगा। इस दौरान यहां राउंड द क्लॉक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो सुरक्षा से लेकर कांवड़ संचालक की जिम्मेदारी संभाल लेंगे।

### रिजर्व में रहेगी पुलिस फोर्स

**करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि मेरठ रोड स्थित बनने वाले कांवड़ कंट्रोल रूम में हर वक्त 24 पुलिसकर्मियों को रिजर्व में रखा जाएगा। इसके साथ ही महिला पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्य विभाग की टीम की तैनाती रहेगी। वहीं कांवड़ यात्रियों को फल, जलपान और आराम करने के लिए भी यहां स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही यहां पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी कांवड़ यात्रा पर नजर रखने का काम करेंगे। साथ ही सिविल डिफेंस की टीमें तैनत रहेगी। वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व में पुलिस फोर्स रखी जाएगी।

# आज से कांवड़ मार्गों पर नहीं चलेंगे हल्के वाहन

## रूट डायवर्जन प्लान के तहत अब नहीं मिलेगी एंट्री

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** कांवड़ा यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो गई है। वहीं हल्के वाहन जिसमें चार पहिया, निजी और व्यावसायिक वाहन व तीन पहिया वाहन शामिल हैं, वह आज से ही रूट डायवर्जन में शामिल होंगे। यह प्लान पांच अगस्त को रात 8 बजे तक जारी रहेगा। यातायात पुलिस गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा हल्के वाहनों के लिए भी रूट डायवर्जन प्लान पूर्व में जारी कर दिया गया था। जिसके तहत लगभग आठ दिनों के लिए हल्के वाहन चालकों को भी अलग-अलग रूट पर आने जाने में अपना मार्ग बदलना होगा। एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। इसके लिए पूर्व में ही डायवर्जन प्लान बना दिया गया है।



भारी संख्या में लगाया गया है आज से पुलिस बल

### हल्के वाहन चालकों को आज से बदलना होगा रूट

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के दौरान गंग नहर पटरी, कांवड़ मार्ग पाइप ,लाइन मार्ग पर सभी हल्के वाहनों का प्रतिबंध 27 से लेकर 5 अगस्त तक रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है कि मोहन नगर, मेरठ रोड़ तिराहा, राज नगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी से राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-58 पर मेरठ जाने वाले वाहनों को पूरी तरह रोक दिया जाएगा।

### ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भी लगेगी रोक

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा हल्के वाहनों के लिए जो रूट डायवर्जन प्लान और एडवाइजरी प्लान जारी किया गया है ,उसके अनुसार पलवल, कोंडली से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से आने वाले हल्के वाहन जिनका गंतव्य गाजियाबाद शहर मुरादनगर, मोदीनगर है, वह 29 जुलाई की रात से दुहाई कट पर नहीं उतर पाएंगे। डासना कट पर उतर कर उनको राष्ट्रीय राजमार्ग-09 का प्रयोग करते हुए ही आगे की ओर जाना पड़ेगा।




### मेरठ रोड चौराहे से मोहन नगर सीमापुरी जाने में बदलेगा रूट

**करंट क्राइम ।** मेरठ तिराहा से मोहन नगर, सीमापुरी की ओर जाने वाले वाहन आज रात से सीमापुरी बॉर्डर की ओर आने वाले लेने में आगमन कर सकेंगे लेकिन 29 जुलाई की रात से इस मार्ग पर सभी वाहनों को पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इस पर हल्के वाहन भी संचालित नहीं होने दिए जाएंगे।

### लोकल रूट पर भी चलना होगा मुश्किल

**करंट क्राइम ।** पुलिस द्वारा डायवर्जन प्लान जारी कर दिया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान लोकल रूट पर चलने के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ेगा। भले ही वह हल्के वाहनों का क्यों ना इस्तेमाल करते हो। चौधरी मोड़, नया बस अड्डा ,गऊशाला फाटक, हापुड़ तिराहा, कैलाभट्टा की ओर से दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त पटेल नगर फ्लाईओवर पर भी भारी वाहनों का आगमन बंद किया जाएगा। संजय गीता चौक, घूकना मोड, आरडीसी कट, सिहानी चुंगी, संजय नगर फ्लाईओवर से राष्ट्रीय राजमार्ग 34 की ओर भी वाहनों को रोका जाएगा। इसके साथ ही मेरठ तिराहे से संतोष मेडिकल, जलकर निगम टी पॉइंट पर भी वाहनों को आने-जाने के लिए प्रतिबंधित रखा जाएगा।

### रेलवे स्टेशन ,किराना मंडी, रमते राम रोड से दूधेश्वरनाथ मंदिर जाने के लिए बदलना होगा रास्ता


**करंट क्राइम ।** यातायात पुलिस द्वारा हल्के वाहनों के लिए जो एडवाइजरी प्लान जारी किया गया है, उसके तहत रेलवे स्टेशन रोड, किराना मंडी, रमते राम रोड, घंटाघर, बजरिया, दिल्ली गेट की तरफ से आने वाले हल्के वाहनों का आवागमन मंदिर मार्ग दूधेश्वरनाथ पर पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। वहीं मेरठ रोड से हिंडन नदी, कनवानी एवं इंदिरापुरम किसी भी प्रकार के वाहन नहीं जा सकेंगे। इन वाहनों को पुराना बस अड्डे से चौधरी मोड़ होते हुए डायवर्जन करते हुए विजयनगर से रेलवे पुल और एनएच-09 पर भेजा जाएगा।

### कांवड़ मार्ग पर नहीं चलेंगे किसी भी प्रकार के ऑटो

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के ऑटो का संचालन सीमा बॉर्डर से लाल कुआं के बीच पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त एनएच-58 मरेठ रोड मार्ग पर भी किसी प्रकार के ई-रिक्शा, ऑटो को आने-जाने नहीं दिया जाएगा। मोहन नगर से वसुंधरा फ्लाईओवर के बीच भी ऑटो का संचालन कांवड़ यात्रा व डाक कांवड़ के मद्देनजर बंद रखा जाएगा।

# जिन शहीदों को भूल गया गाजियाबाद, उन शहीदों को भाजपा के पूर्व मंत्री ने किया याद

## बालेश्वर त्यागी ने गाजियाबाद जिले के तीन बहादुर सैनिकों की शौर्य गाथा को किया नमन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बालेश्वर त्यागी सियासत के किस्सों को अक्सर अपनी लेखनी से साझा करते हैं। वो समसामयिक घटनाओं पर भी अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। देश भक्ति के जज्बे को कैसे जिंदा रखा जाता है इसकी मिसाल पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने पेश की है। जिन शहीदों को गाजियाबाद भूल गया उन शहीदों को भाजपा सरकार में मंत्री रहे बालेश्वर त्यागी ने याद रखा।

बालेश्वर त्यागी ने कारगिल युद्ध का जिक्र किया और बताया कि कारगिल युद्ध में गाजियाबाद के तीन बहादुर सैनिकों ने अपना बलिदान दिया। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से उस समय तीनों शहीदों को श्रृद्धाजंलि देने का दायित्व मुझे दिया गया था। उन्होंने कहा कि ये कृतज्ञ राष्ट्र अपने उन शहीद सैनिकों को ना केवल श्रृद्धासुमन अर्पित करता है बल्कि उन शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी प्रकट करता है।

### हापुड़ के चमन सिंह, गढ़ के सतपाल सिंह, मुरादनगर के सुरेन्द्र पाल और शास्त्रीनगर के गुरिंदर सिंह हुए थे देश के लिए शहीद

**करंट क्राइम।** कारगिल युद्ध मे गाजियाबाद जनपद के तीन बहादुर सैनिकों ने देश लिए अपना सर्वस्व न्यौछार किया था। गांव उदयपुर हापुड़ के श्रीचमन सिंह ,लुहारी गढ़मुक्तेश्वर के श्री सत्यपाल सिंह और सुराना मुरादनगर के श्री सुरेंद्रपाल सिंह शहीद हुए थे। सरकार की ओर से तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि देने का दायित्व मुझे दिया गया था। तीनों शहीदों के अंतिम संस्कार में जो जन ज्वार उमड़ा था वह सच में चकित करने वाला था। लोग रात रात भर शवों का इंतजार सड़को के किनारे करते रहे। ये देश ऐसे ही देश भक्ति के जज्बे के कारण ही अमर है। विजय ऑपरेशन के बाद शास्त्रीनगर गाजियाबाद निवासी गुरिंदर सिंह का बलिदान हुआ था।

### कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई पर सभी शहीद अफसरों और सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि

**करंट क्राइम।** हम गर्व कर सकते हैं कि हमारी बहादुर सेना के बूते देश की एक एक इंच भूमि सुरक्षित है। 22 फरवरी 1999 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी पाकिस्तान से दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गए थे।बाद में पता चला कि लगभग उन्हीं दिनों सर्दियों का लाभ उठाकर कारगिल की चोटियों पर पाकिस्तानी सैनिकों ने कब्जा जमा लिया था। पहली बार 3 मार्च 1999 को भारतीय सेना को बकरी चरवाहों से इसकी जानकारी मिली और 5 मार्च को कैप्टन सौरभ कालिया के नेतृत्व में 5 भारतीय सैनिकों का एक दल गस्त के लिए भेजा गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने सौरभ कालिया समेत भारतीय सैनिकों के क्षतविक्षत शव भारतीय सैनिकों को सौंप दिए। ये कारगिल में पहला बलिदान था। आखिर मई के मध्य में भारतीय सेना ने कारगिल की चोटियों को पाकिस्तानियों के कब्जे से मुक्त करने के लिये अभियान प्रारम्भ किया और 26 जुलाई को युद्ध विजय की समाप्ति की घोषणा की। इस युद्ध मे भारत के 527 सैनिक अफसर और जवान शहीद हुए और 1367 सैनिक घायल हुए। इस युद्ध में एक समय भी ऐसा आया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के प्रधान मंत्री को अमेरिका में आकर पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के साथ बात करके समस्या का हल निकालने के लिए कहा। तब अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि जब तक एक एक सैनिक भारत की सीमा से बाहर नहीं खदेड़ दिया जाएगा, तब तक मैं भारत से बाहर कदम नहीं रखूंगा। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के पास एटम बम की धमकी दी तो अटल जी ने उत्तर दिया कि हो सकता है कि पाकिस्तान आधे भारत को नष्ट करने में सफल हो जाय लेकिन कल सुबह तक दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का नामोनिशान खत्म हो जाएगा। ये कृतज्ञ राष्ट्र अपने उन शहीद सैनिकों को न केवल श्रद्धा सुमन अर्पित करता है बल्कि उस शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी प्रकट करता है।

## संपादकीय

# कारगिल युद्ध

देश कारगिल युद्ध विजय की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह युद्ध हजारों फुट ऊंची बर्फीली पहाड़ियों पर मई-जून 1999 में लड़ा गया। इस युद्ध में जहां हमारे राजनीतिक, कूटनीतिक और प्रशासनिक तंत्र ने अपनी-अपनी अहम भूमिका निभाई, वहीं सशस्त्र सेनाओं ने एक सुनियोजित संयुक्त अभियान में पाकिस्तान के नापाक इरादों को धराशायी करने में सफलता हासिल की। बेहद कठिन हालात में लड़े गए इस युद्ध में भारतीय सेना के तीनों अंगों ने शौर्य की अद्भुत गाथा लिखी। कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र सेनाएं अपनी-अपनी भूमिका में संयुक्त आपरेशन में शामिल थीं। ये तीन आपरेशन थे- थल सेना द्वारा आपरेशन विजय, वायु सेना द्वारा आपरेशन सफेद सागर और नौसेना द्वारा आपरेशन तलवार। जहां थल सेना और वायु सेना के बहुमूल्य योगदान को अच्छी तरह से रेखांकित किया गया, वहीं नौसेना द्वारा समुद्री क्षेत्र में की गईं महत्वपूर्ण कार्रवाइयां काफी कम लोगों को मालूम हैं। नियंत्रण रेखा को पार न करते हुए कारगिल क्षेत्र की ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी घुसपैठियों के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए वायु सेना के लड़ाकू विमानों और थल सेना की तोपों का सटीक उपयोग कर अंततः सेना के शूरवीरों ने उन चोटियों पर विजय प्राप्त की। जबकि समुद्र में नौसेना नियंत्रण रेखा को पार न करने की बाध्यता से मुक्त और पूरी ताकत से सक्रिय रूप से तैनात की गई थी, ताकि पाकिस्तान को संकेत दिया जा सके कि युद्ध के किसी भी विस्तार के परिणामस्वरूप भारतीय नौसेना पाकिस्तान पर हावी हो जाएगी। यह योजना भारत के उस रणनीतिक संयम से हटकर थी, जो आम तौर पर पाकिस्तान के पारंपरिक उकसावों के खिलाफ दिखता रहा है।

कारगिल युद्ध के समय नौसेना प्रमुख रहे एडमिरल सुशील कुमार अपने संस्मरण ह्यए प्राइम मिनिस्टर टू रिमेंबर-मेमोरीज आफ ए मिलिट्री चीफह्न में लिखते हैं कि ह्यजून 1999 की शुरूआत में ही भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े ने उत्तरी अरब सागर में तेजी से तैनाती और कब्जा कर बड़ी पहल की। इस परिप्रेक्ष्य में आपरेशन तलवार के तहत पाकिस्तान के विरुद्ध हमारी क्षमता प्रदर्शन के इरादे बिल्कुल साफ थे। नौसैना के सभी युद्धक तत्वों को कार्रवाई में लगाया गया। इसके अंतर्गत पाकिस्तानी नौसेना की वर्तमान स्थिति का पता लगाना और यह सुनिश्चित करना था कि समुद्री क्षेत्र, बांबे हाई का तेल इंस्टालेशन, तटीय क्षेत्र और गुजरात में सामरिक महत्व की सभी संपत्तियां अच्छी तरह संरक्षित रहें। इससे पीछे यह रणनीति थी कि पाकिस्तान को कोई अवसर न दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अगर पाकिस्तान कारगिल क्षेत्र से लड़ाई का विस्तार करने के बारे में सोचने की हिम्मत करता है, तो नौसेना दक्षिण में एक ओर से युद्ध का एक और मोर्चा खोलेगी।

वास्तव में आपरेशन तलवार में उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के जहाजों की अब तक की सबसे बड़ी तैनाती हुई थी। पश्चिमी बेड़े को पूर्वी बेड़े के जहाजों द्वारा अतिरिक्त रूप से बढ़ाया गया था, जो अपने आप में पाकिस्तानी नौसेना से निपटने के लिए पर्याप्त था। साथ ही नौ-सैनिक विमान, पनडुब्बियां, लैंडिंग जहाज और तटरक्षक जहाजों को भी खास मिशनों के लिए शामिल किया था। इसके अलावा जब पाकिस्तानी अधिकारियों ने परमाणु बम की धमकी देनी शुरू की तो भारतीय जहाजों को पाकिस्तान तट के करीब ले जाकर जवाब दिया गया।

# माईजीओवी के 10 साल पूरे, सीईओ ने कहा- 2047 तक विकसित भारत की दिशा में काम करने का संकल्प लिया

**नई दिल्ली।** नागरिक-केंद्रित प्लेटफॉर्म माईजीओवी ने शुक्रवार को भागीदारी शासन के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया। वहीं सीईओ आकाश त्रिपाठी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। यह मंच अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से हर नागरिक से जुड़ने का लक्ष्य रखता है। यह लोगों को सरकार से जुड़ने और साथ ही अच्छे शासन में योगदान करने की शक्ति प्रदान करता है। 26 जुलाई 2014 को लॉन्च किए गए माईजीओवी के 3 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, माईजीओवी के 10 साल पूरे होने पर बधाई! हमारे आंकड़े बहुत अच्छे हैं, आपका धन्यवाद। माईजीओवी 33 लाख फॉलोअर्स हैं। नागरिकों की भागीदारी के लिए विकसित माईजीओवी एक मंच है, जो नीति निर्माण के लिए नागरिकों के साथ जुड़ने के लिए कई सरकारी संगठनों और मंत्रालयों के साथ सहयोग करता है। यह मंच जनहित और कल्याण से जुड़े कई मुद्दों या विषयों पर लोगों की राय भी मांगता है। माईजीओवी के सीईओ त्रिपाठी ने कहा, हमें गर्व है कि आप हमारी यात्रा का हिस्सा बने हैं, इसके लिए हर नागरिक का धन्यवाद। आइए हम साथ में मिलकर अपने समुदाय को और मजबूत बनाएं और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए मिलकर काम करें। विभिन्न सरकारी विभाग नागरिकों के साथ जुड़ने और नीति निर्माण के लिए परामर्श के लिए इस मंच का उपयोग करते हैं। यह योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने का माध्यम भी है। चर्चाएं, कार्य, चुनाव, सर्वे, ब्लॉग, वार्ताएं, प्रतिज्ञाएं, क्विज (प्रश्नोत्तरी) और जमीनी गतिविधियां -- ये कुछ ऐसे तरीके हैं जिनके माध्यम से यह मंच नागरिकों के साथ जुड़ता है। मईजीएवी की एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और लिंक्डइन जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर मजबूत मौजूदगी है। शेयरचैट, चिंगारी, रोपोसो, बोलो इंडिया और मित्रों जैसे कई भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी इसकी महत्वपूर्ण मौजूदगी है।

# भारत में पिछले 6 वर्षों में पैदा हुए करीब 17 करोड़ रोजगार के अवसर

**नई दिल्ली।** भारत में वित्त वर्ष 2017-18 से लेकर 2023-24 तक यानी बीते 6 वित्त वर्षों में 16.83 करोड़ नए रोजगार सृजित हुए हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे की ओर से राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी गई। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि देश में मार्च 2024 में 64.22 करोड़ लोगों के पास रोजगार था। जबकि, 2017-18 में यह संख्या 47.5 करोड़ थी। इस प्रकार पिछले 6 वर्षों में देश में रोजगार में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी केएलईएमएस (केः कैपिटल, एलः लेबर, ईः एनर्जी, एमः मटेरियल और एसः सर्विसेज) के आधार पर यह जानकारी दी गई है। केंद्रीय मंत्री की ओर से आगे बताया गया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर (औपचारिक और अनौपचारिक) में 2017-18 से लेकर 2022-23 में 85 लाख लोगों को रोजगार मिला है।

इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की रिपोर्ट में बताया गया था कि एमएसएमई मंत्रालय के पास पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20 करोड़ को पार कर गया है। एमएसएमई मंत्रालय के 'उद्यम' पोर्टल पर 4 जुलाई तक के आंकड़े के अनुसार, 4.68 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई में 20.20 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसमें से 2.3 करोड़ नौकरियां जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) से छूट वाले अनौपचारिक सूक्ष्म इकाइयों में मिल रही हैं। एमएसएमई में पिछले साल जुलाई के मुकाबले नौकरियों में 66 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बाल श्रम पर एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार इस समस्या को खत्म करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपना रही है और व्यापक उपाय किए हैं, जिनमें कानूनी कार्रवाई, पुनर्वास रणनीति, मुफ्त शिक्षा का अधिकार प्रदान करना और सामान्य सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र की ओर से बाल श्रम उन्मूलन के लिए संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उठाए जाने वाले कार्य बिंदुओं को सूचीबद्ध करते हुए एक मॉडल स्टेट एक्शन प्लान बनाया गया है।

# भारत का आईफोन निर्यात अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर उच्चतम स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी का असर है कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर हो गया है। बता दें, सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम लाई गई है। इससे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा बूस्ट मिला है। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में एप्पल का निर्यात अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इसकी वजह वैश्विक कंपनियों द्वारा 'चीन+1' की रणनीति अपनाना है। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी की ओर से वित्त वर्ष 24 में 8 अरब डॉलर की बिक्री भारत में की गई थी। इसमें सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी। कंपनी की बिक्री बढ़ने की वजह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन मार्केट में प्रीमियम फोन के चलन में बढ़ोतरी होना है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि आईफोन की शिपमेंट में इस वर्ष 20 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। एप्पल एक काफी मजबूत ब्रांड है और देश में अपना वितरण नेटवर्क भी मजबूत कर रहा है, जिससे इसे और तेजी से बढ़ने में मदद मिलेगी। सरकार की ओर से बजट 2024-25 में मोबाइल, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड एसेंबली (पीसीबीए) और मोबाइल चार्जर पर आधार सीमा शुल्क (बीसीडी) 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले छह वर्षों में मोबाइल फोन के घरेलू उत्पादन में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। वहीं, निर्यात 100 प्रतिशत बढ़ा है। भारत में मोबाइल फोन के आयात में भारी कमी देखने को मिली है। मौजूदा समय में भारत में बिकने वाली 99 प्रतिशत मोबाइल घरेलू स्तर पर ही मैन्युफैक्चर किए जा रहे हैं।

# भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निफ्टी ऑल-टाइम हाई पर बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र काफी मुनाफे वाला रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के दारौन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचकांक निफ्टी ने 24,861 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। कारोबारी सत्र में सेंसेक्स का 80,013 से लेकर 81,427 और निफ्टी का 24,410 से लेकर 24,861 का रेंज था। सेंसेक्स 1,292 अंक या 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,332 और निफ्टी 428 अंक या 1.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,834 पर बंद हुआ। छोटे और मझोले शेयरों में भी जोरदार तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,026 अंक या 1.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,786 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 180 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,854 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स के साथ करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, सन फार्मा, एचसीएल टेक और एमएंडएम टॉप गेनर्स थे। केवल नेस्ले इंडिया का शेयर ही लाल निशान में बंद हुआ है। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ सलाहकार रूपक दे का कहना है कि निफ्टी में आज डाउनसाइड कंसोलिडेशन से ब्रेकआउट देखने को मिला है। निफ्टी ने ऑल-टाइम हाई भी लगाया है, जो कि इंडेक्स की मजबूती को दिखाता है। 24,500 के ऊपर रहने तक निफ्टी में तेजी का ट्रेंड बना रहेगा। ऊपर स्तरों पर देखें तो निफ्टी 25,250 की तरफ जाता दिखाई दे रहा है।

## राशिफल

**मेष:** आज आप अपना काम बहुत ही संजीदगी से करेंगे। आपकी पेशेवर योग्यता का विकास होगा। नए उद्यम में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष:** आज आप अपना काम बहुत सोच-समझकर करेंगे। आपकी पेशेवर योग्यता का विकास होगा। नए उद्यम में आपको सफलता मिलेगी। मित्रों का भी सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज लेन-देन के मामले को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। मन धर्म की ओर आकर्षित होगा। आपको जोखिम भरे फैसले लेने से बचना चाहिए।

**कर्क:** आपके धन में वृद्धि होगी और स्थिति में सुधार होगा। आप सभी प्रकार के भौतिक सुखों का आनंद लेंगे और नए अधिग्रहण हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपको कोई भी काम करते समय अपने मन को शांत रखना चाहिए। जल्दबाजी में किए गए काम से आप परेशान हो सकते हैं। पैसों से जुड़े फैसले सोच लें।

**कन्या:** बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धर्म की ओर आकर्षित होंगे। अचानक बड़े लाभ से आप खुश दिख सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशियां आपकी बनी रह सकती हैं।

**तुला:** नौकरी और व्यापार के लिए समय अच्छा है। आपको अपनी उपलब्धियों का उचित इनाम मिल सकता है। वृद्धि और सुधार के प्रबल संकेत हैं।

**वृश्चिक:** आज आपके सोचे हुए काम अचानक पूरे होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

**धनु:** अपने पार्टनर के लिए कुछ खास प्लान करेंगे। नौकरी बदलने का यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मकर:** भाग्य आपके पक्ष में है, लेकिन वाहन चलाते समय सावधान रहें। हो सके तो रात के समय वाहन न चलाएं। आप कई चीजों पर पैसा बर्बाद कर सकते हैं, ध्यान दें।

**कुंभ:** आज आप अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करेंगे। लेकिन पैसों की चिंता आपको थोड़ी परेशान कर सकती है। आपके कुछ काम देर से पूरे होंगे।

**मीन:** आज उत्साहित होकर किसी से कोई वादा न करें। कोई करीबी आपकी मदद के लिए आगे आएगा। जीवनसाथी के साथ आरामदायक दिन बीतेगा।

## चुटकुले

सोनू बहुत दुखी था...!
किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...?
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए
2 लाख रुपये उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...!

---

दादी को गीता पढ़ते देख पोते ने अपनी मां से पूछा...!
मां दादी कौन सी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं...?
मां – बेटा ये फाइनल ईयर की तैयारी कर रही हैं...!

---

पप्पू अपनी बीमार दादी को मोहल्ले के डॉक्टर के पास दिखाने ले गया...!
डॉक्टर – मुंह खोलो दादी...!
दादी – तुम्हारी बीवी रोज शाम को तुम्हारे पड़ोसी से मिलती है।
बस इससे ज्यादा मेरा मुंह मत खुलवाना...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1986 में, कैमरून, अफ्रीका में एक ज्वालामुखीय झील ने $CO_2$ गैस का बादल छोड़ा जिसने मिनटों में 1,746 लोगों को मौत के घाट उतर दिया था।
- समुद्र तल पर और यहां तक कि आइसलैंड में पाए जाने वाले आइसकैप्स के नीचे ज्वालामुखी भी पाए जाते हैं।
- सिसिली (इटली) में माउंट एटना यूरोप का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी 3,329 मीटर ऊंचा है।
- ज्वालामुखी के तीन प्रकार स्ट्रेटो, शील्ड (सबसे बड़े ज्वालामुखी) और डोम। ज्वालामुखीय विस्फोट का 80% पानी के नीचे होता है।
- ज्वालामुखी से निकला लावा 2,000 डिग्री फारेनहाइट तापमान तक पहुंच सकता है।
- जापान में माउंट मिहारा में एक ज्वालामुखी के चारों ओर एक बाड़ का निर्माण किया ताकि लोगों इसमें कूदकर आत्महत्या न करें।
- हमारे सौर मंडल में सबसे ज्वालामुखीय गतिविधि वाला ऑब्जेक्ट आईओ, बृहस्पति के चंद्रमाओं में से एक है। ज्वालामुखी में आच्छादित, इसकी सतह लगातार ज्वालामुखीय गतिविधि की बड़ी मात्रा में बदल रही है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

27 07 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



कृति सेनन
अभिनेत्री



सुभाष शर्मा करंट क्राइम, परी शर्मा, वंश कश्यप, स्मृति शर्मा, शिखा गुप्ता, नंदिता बासु, रेणु त्यागी, दिवाकर सिंघल

रामगोपाल शर्मा, राहुल मिश्रा, संदीप अग्रवाल, फारूक चौधरी, नवनीत, शिवम त्यागी, दीपक त्यागी, रोहित शर्मा

एड. आयुष कौशिक, विनोद कुमार भारती, अरूण कुमार, उत्कर्ष सिंह, विक्की शिशौदिया, महेश दूबे, कान्हा पंडित

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# भारत की झोली में पदक डालने को मेरठ की तीन बेटियां तैयार




**मेरठ।** पेरिस ओलंपिक खेल शुरू हो चुके हैं। भारत से भी भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों का दल पेरिस पहुंच चुका है। मेरठ से भी तीन महिला खिलाड़ी भाला फेंक में अन्नू रानी, पैदल चाल और मिक्स रिले वॉक इवेंट में प्रियंका गोस्वामी और 5000 मीटर दौड़ व 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी प्रतिभाग कर रही हैं। खिलाड़ी पेरिस पहुंच चुके हैं। ऐसे में खेल शुरू होने से पहले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर भारतीय खिलाड़ी छाए हुए हैं। खिलाड़ियों को सुपर हीरो के किरदार में पेश किया जा रहा है। मेरठ के इकलौता गांव की पारुल चौधरी को सोशल मीडिया पर सुपर वुमन बताकर उनका पोस्टर तैयार कर शेयर किया जा रहा है। खुद खिलाड़ियों ने भी अपने सोशल मीडिया एकाउंट में इन पोस्टर को शेयर किया है। इनमें भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सुपर मैन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं। अन्य खिलाड़ी भी किसी न किसी सुपर हीरो के रूप में दिखाई दे रहे हैं। खुद खिलाड़ियों ने अपने पोस्टर को अपने सोशल मीडिया एकाउंटस से शेयर किया है।

खिलाड़ी पेरिस पहुंचने के बाद अपनी फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से शेयर कर रहे हैं। यहां मेरठ के खिलाड़ियों के परिजनों को भी सभी खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है। 27 जुलाई को भारत और न्यूजीलैंड के बीच हॉकी मैच होना है जो कि काफी रोमांचक रहेगा। इसके बाद एक अगस्त से एथलेटिक्स इवेंट शुरू होंगे, जिसमें मेरठ के खिलाड़ी भी नजर आएंगे।

### पैदल चाल में एक अगस्त को हिस्सा लेंगी भारतीय खिलाड़ि

- पेरिस ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स इवेंट एक अगस्त से शुरू होंगे। मेरठ से प्रतिभाग कर रहीं एथलीट प्रियंका गोस्वामी एक अगस्त को 20 किमी पैदल चाल इवेंट में प्रतिभाग करेंगी।
- 2 अगस्त को पारुल चौधरी 5000 मीटर दौड़ के पहले राउंड में रात 9 :40 पर भाग लेंगी।
- 4 अगस्त को पारुल 3000 मीटर स्टीपल चेज के पहले राउंड में दोपहर 1 :35 मिनट पर इवेंट में भाग लेंगी।
- 5 अगस्त को 5000 मीटर दौड़ का फाइनल राउंड होगा।
- 6 अगस्त को 3000 मीटर स्टीपल चेज का सेमीफाइनल
- 7 अगस्त को सुबह 11 बजे स्टीपल चेज का फाइनल होगा। 7 अगस्त को ही सुबह 11 बजे प्रियंका गोस्वामी वॉक मिक्स रिले इवेंट में प्रतिभाग करेंगी। दोपहर 1 :55 पर अन्नू रानी भाला फेंक के पहले राउंड में प्रतिभाग करेंगी।
- 10 अगस्त को भाला फेंक का फाइनल राउंड होगा।


# शिव सेवा समिति कनावनी कावड़ शिविर का महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कनावनी पुलिया के पास शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कांवड़ शिविर का उद्घाटन किया। शिव सेवा समिति की तरफ से कांवड़ियों के विश्राम के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। शिविर में भंडारे का संचालन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में कांवड़ियों का जत्था नहर रोड कनावनी पहुंचने लगा है। यह कांवड़िये हरियाणा और राजस्थान की ओर निकल रहे हैं। यहां पर 24 घंटे बिजली के साथ अन्य विशेष प्रबंध भी किए हुए हैं। प्रवीण नगर ने बताया कि शिव सेवा समिति की तरफ से सेवा के तहत कांवड़ियों के विश्राम के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। कांवड़ियों के ठहरने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां हरियाणा, राजस्थान जाने वाले कांवड़ियों की संख्या ज्यादा है। कोई कार, कोई ट्रैक्टर से तो कोई पैदल कांवड़ लेकर आ रहा है। वही मकनपुर डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ स्मृति शर्मा ने शिविर में कावड़ियों का सवस्थ परीक्षण किया और ओर पैरों में पड़े छालों पर पर पट्टी की उन्होंने कहा कि 24 घण्टे मेडिकल की सुविधा शिविर में रहे गई। इस अवसर पर सतीश नगर, जिले नगर, कुलदीप नगर, फते नगर, ओमप्रकाश नगर, शुभम, अजब सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

# कावडियों की आई बहार, भोले की भक्ति में डूबा नदिया पार









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नदियापर के हर रास्ते पर बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे, कांवड़ियों की टोलियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की टोलियां शुक्रवार को नहर रोड मोहनगर, वजीराबाद रोड जीटी रोड पर अपमी मंजिल की ओर बढ़ते देखी जा रही थी। वही कंधों पर सजीं कांवड़, बज रहे घंटी घुंघरू माहौल को भक्ति मय करते रहे। राजस्थान व दिल्ली के कावड़िया टोलियां नजर आ रहे थे।हरियाणा के एक कावड़िया कंधे पर भोले बाबा की मूर्ति कंधे लिए अपनी मंजिल को ओर नहर रोड से आगे बढ़ रहे है। वैशाली सेक्टर 3 की पुलिया के पास चल रहे शिव सेवा संघ शिविर ने पार्षद राधेश्याम त्यागी, पूर्व पार्षद अनिता त्यागी, सलेक त्यागी, नरेंद्र त्यागी , विनय त्यागी, योगेंद्र त्यागी, सतीश कसना, रविन्द्र तिवारी, सत्यप्रकाश, जय वीर त्यागी, टेकचंद शर्मा ,अजय शर्मा , बीरेश त्यागी, योगेश त्यागी, अनिल शर्मा के नेतृत्व में तमाम प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से शिविर लगाकर कांवड यात्रा में आने वाले कावडियों को भोजन, नाश्ता, कोल्ड ड्रिंक, चाय, नींबू पानी आदि सुविधाएं दी गई। शिविर में अग्निशमन विभाग द्वारा की निरीक्षण किया गया जिसने आग बुझाने के यंत्र की लगा रखे है।

# शिव की पूजा और कांवड़ियों की सेवा सदैव लोककल्याणकारी होती है: डॉली शर्मा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा, गुरुदेव रामकृपाल उपाध्याय व कांग्रेस के महानगर पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर, नारियल तोड़कर किया 37 वां शिव कांवड़ सेवा शिविर व भंडारा कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और जीएचबी फाउंडेशन की महासचिव डॉली शर्मा ने कहा कि शिव की पूजा और कांवड़ियों की सेवा सदैव लोककल्याणकारी होती है। जीएचबी फाउंडेशन के तत्वावधान में पिछले 37 सालों से यहां जारी शिव कांवड़ सेवा शिविर इसी बात का द्योतक है, जहां पूजा और सेवा रूपी दोनों कार्य एक साथ संपादित हो जाते हैं। इस अवसर पर सह उद्घाटन कर्ता गुरुदेव राम कृपाल उपाध्याय 'साक्षी' ने कहा कि शिव की उपासना से लोक कल्याण की भावना जगती है। इसलिए देश-दुनिया में सबसे ज्यादा शिव की ही पूजा होती है और शिव भक्त ही पाए जाते हैं। दुनिया के अधिकतर हिस्सों में खुदाई में शिवलिंग ही मिलता है। नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि शिव की भक्ति से असीम शक्ति मिलती है। यह मैं महसूस करता हूँ। मेरी शुरू से ही यह इच्छा रही कि मार्ग में कांवड़ियों को, भोले के भक्तों को कोई असुविधा नहीं हो।

इसलिए पिछले 37 सालों से यह शिविर लगाता आया हूँ। यह निर्बाध रूप से चलता रहे, यही मंगल कामना है। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी भारद्वाज, पुजारी पंडित प्रभाशंकर, पंडित अशोक शर्मा, पंडित प्रशांत शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा, पंडित नारायण शर्मा, मनीष भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, कुसुम भारद्वाज, अथर्व शर्मा, अनन्या भारद्वाज, रिया भारद्वाज, कमलेश पांडेय मौजूद रहे।




# न्यूजीलैंड के खिलाफ ओपनिंग मैच से पहले आत्मविश्वास से लबरेज हरमनप्रीत

**पेरिस।** पेरिस में भारतीय पुरुष हॉकी टीम लगातार दूसरे ओलंपिक पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। भारत 27 जुलाई को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 9 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपनी और टीम की तैयारियों पर भरोसा जताया। न्यूजीलैंड के बारे में बात करते हुए, भारतीय कप्तान ने कहा कि भारत के लिए वो एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहे हैं और पिछले साल भुवनेश्वर में विश्व कप में उनके 3-3 (4-5 शूटआउट) परिणाम की यादें इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक मजबूत चुनौती को दशार्ती है। हरमनप्रीत ने कहा, हमने हमेशा न्यूजीलैंड को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा है और अपनी टीम ब्रीफ के दौरान इस पर विस्तार से चर्चा की है। उनके खिलाफ विश्व कप मैच की याद दिलाना अच्छा है, इसलिए हम जानते हैं कि हम मैच के किसी भी बिंदु पर गति नहीं खो सकते हैं। हमारे लिए अच्छी शुरूआत करना और खेल के दौरान दबाव बनाए रखना महत्वपूर्ण है। यहां पहुंचने से पहले यूरोप में भारतीय टीम ने स्विट्जरलैंड में 3-दिवसीय मानसिक कंडीशनिंग शिविर में भाग लिया है। साथ ही मलेशिया, नीदरलैंड, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ हाई-ऑक्टेन अभ्यास मैच खेले हैं, जिसका लाभ उन्हें ओलंपिक के मंच पर मिलेगा। कप्तान ने कहा, पेरिस पहुंचने से पहले हमने कुछ बहुत अच्छे अभ्यास मैच खेले और स्विट्जरलैंड में एक टीम के रूप में अनुभव कुछ अनोखा था, जो हमने पहले कभी नहीं किया। हम अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं। भारत को ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। भारत को अगर ओलंपिक के इतिहास में सबसे सफल पुरुष हॉकी टीम के रूप में अपना दबदबा कायम रखना है तो उसे अपने खेल में शीर्ष पर रहना होगा। हरमनप्रीत ने कहा, यहां खेल गांव में माहौल बहुत अच्छा है। हमारे भारतीय दल के एथलीटों से मिलना और यह देखना कि हमारे दल में हमें कितना समर्थन मिल रहा है, काफी उत्साहजनक रहा और इससे हमें और भी अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है।

# पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए पौधरोपण जरुरी: कविता प्रवीण भाटी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 के 9 ब्लॉक में पौधरोपण कर धरती को बचाने का संदेश दिया।

पार्षद कविता प्रवीण भाटी कहा कि पर्यावरण की रक्षा एवं धरती पर प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए वनों का विस्तार करना समय की मांग है। वन हमारे जीवन के लिए उतने ही जरूरी है, जितना भोजन एवं पानी है। पर्यावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने पौधे लगाए जाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 9 ब्लॉक के निवासियों द्वारा व जेडी एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने मौके पर मौजूद जेडी एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों को वृक्षारोपण की महत्ता को समझाया और वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। प्रकृति संरक्षण के लिए कहा कि सिर्फ पौधारोपण कर देने से ही जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। उसे संरक्षित करना भी जरूरी है, ताकि जितने पौधे लगाए जा रहे हैं, वे वृक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि शहर में चल रही गाड़ियों से निकल रहा धुँआ ग्लोबल वॉर्मिंग का एक बहुत बड़ा कारण है, जिससे पर्यावरण नष्ट हो रहा है। उन्होंने आम-जन से यह अपील की कि वे अपने घर में कम से कम एक वृक्ष और छोटे-छोटे पौधे अवश्य लगाएं और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। वार्ड 83 की ग्रीन बेल्ट में त्यौहार का माहौल बना रहा । पौधारोपण का जन महोत्सव वार्ड 83 के द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान-2024 के अवसर पर वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीन भाटी द्वारा युद्ध स्तर पर पौधरोपण करवाया गया।

# पेरिस में रेल तोड़फोड़ के बाद आईओसी प्रमुख ने 'फ्रांसीसी अधिकारियों पर पूरा भरोसा' दिखाया

**पेरिस।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले मेजबान देश के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क पर कुछ आगजनी सहित दुर्भावनापूर्ण कृत्यों का असर पड़ने के बाद कहा कि उन्हें फ्रांसीसी अधिकारियों पर पूरा भरोसा है। आग की घटनाओं की एक श्रृंखला ने फ्रांसीसी हाई-स्पीड रेल लाइनों को प्रभावित किया, जिससे कई मार्गों पर यातायात बाधित हुआ। बाक ने ओलंपिक विलेज में मीडिया से कहा, मुझे कोई चिंता नहीं है। हमें फ्रांसीसी अधिकारियों पर पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने कहा कि फ्रांसीसी सुरक्षा बल देश के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को बाधित करने वाले हमलों के पीछे के लोगों की तलाश कर रहे हैं। आज सुबह, एसएनसीएफ प्रतिष्ठानों पर तैयारी और समन्वित तरीके से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई... रेल नेटवर्क पर इसके परिणाम बड़े पैमाने पर और गंभीर हैं। मैं उन सभी फ्रांसीसी लोगों, सभी परिवारों के बारे में सोचता हूं, जो छुट्टियों पर जाने की तैयारी कर रहे थे। मैं उनका गुस्सा साझा करता हूं और उनके धैर्य, उनकी समझ और उनके द्वारा प्रदर्शित नागरिक-मानसिकता को सलाम करता हूं। अटाल ने एक्स पर पोस्ट किया, हमारी खुफिया सेवाएं और कानून प्रवर्तन इन आपराधिक कृत्यों के अपराधियों को ढूंढने और दंडित करने के लिए सक्रिय हैं। खेल और ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के मंत्री एमिली औडिया-कास्टेरा ने फ्रांस की राष्ट्रीय सरकारी स्वामित्व वाली रेलवे कंपनी एसएनसीएफ के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कृत्यों की निंदा की और कहा, ₹मैं वास्तव में सबसे मजबूत शब्दों में निंदा करना चाहता हूं, यह वास्तव में भयावह है। खेलों के विरुद्ध खेलना फ्रांस के विरुद्ध, अपने शिविर के विरुद्ध, अपने देश के विरुद्ध खेलने के समान है।

# गंभीर-सूर्यकुमार के साथ नई शुरूआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**पल्लेकेले।** भारत और श्रीलंका के बीच शनिवार के तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरूआत होगी। भारत के लिए मुख्य कोच गौतम गंभीर इस सीरीज से अपना कार्यकाल की शुरूआत करेंगे, जबकि टीम इस प्रारूप के नए कप्तान सूर्यकुमार की अगुआई में खेलने उतरेगी।

टी20 विश्व कप की खिताबी जीत के बाद नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वैश्विक टूनामेंट के बाद भारत शुभमन गिल की अगुआई में जिम्बाब्वे दौरे पर गया था, लेकिन अब टीम सीनियर खिलाड़ियों के साथ श्रीलंका दौरे पर आई है और सूर्यकुमार टीम की कमान संभालते दिखेंगे, जबकि शुभमन उपकप्तान की भूमिका में होंगे।




### सैमसन या पंत, किसे चुनेगा टीम प्रबंधन?

भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और संजू सैमसन में से किसी एक का चयन करना चुनौतीपूर्ण होगा। छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली को छोड़कर टी20 विश्व कप विजेता टीम के अधिकतर खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर आए हैं और ऐसे में पंत और सैमसन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि यह दोनों ही आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में भले ही दो स्थान खाली हैं, लेकिन फिर भी इन दोनों में से किसी एक को बल्लेबाज के रूप में उतारना भी आसान नहीं होगा।

### टी20 विश्व कप में सैमसन को नहीं मिला था खेलने का मौका

पंत ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में 171 रन बनाए थे। दूसरी ओर, सैमसन को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला जबकि वह टीम का हिस्सा थे। भारत और श्रीलंका के बीच यह सीरीज भारतीय टीम के लिए इसलिए महत्वपूर्ण बन गई है क्योंकि गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली सीरीज है जबकि टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। गंभीर के पिछले रिकार्ड को देखते हैं तो यह निश्चित है कि टीम संयोजन में उनकी बात को अधिक तवज्जो दी जाएगी। पंत जब दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टीम से बाहर थे तब विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन, सैमसन, जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल को आजमाया गया। अगर पंत और सैमसन के आंकड़ों पर गौर करें तो वह काफी हद तक समान नजर आते हैं। सैमसन ने अभी तक 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 133 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इनमें से 27 मैच उन्होंने 2020 के बाद खेले हैं, जबकि उन्होंने 2015 में इस प्रारूप में पदार्पण कर लिया था। उन्होंने खुद स्वीकार किया था कि 21.14 का उनका औसत उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं है। दूसरी तरफ पंत ने अभी तक 74 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 127 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उनका औसत 22.70 है। इन दोनों में से किसका चयन करना है यह काफी हद तक टीम प्रबंधन की सोच पर निर्भर करेगा। जहां तक रोहित शर्मा की बात है तो उनका पंत पर पूरा भरोसा था और यही वजह रही की टी20 विश्व कप के दौरान टीम का हिस्सा होने के बावजूद सैमसन को लेकर किसी तरह की चर्चा नहीं हुई।

# अग्निवीर से अगर देश की ताकत बढ़ती, तो चीन की हिमाकत इतनी नहीं होती : उदित राज




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने अग्निपथ योजना को लेकर एक बार फिर से सवाल उठाए हैं। आईएएनएस से खास बातचीत में उदित राज ने कहा कि अग्निपथ योजना से व्यावहारिक रूप से देश कमजोर हुआ है। चीन ने लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश के डोकलाम में अतिक्रमण कर लिया। लेकिन, पीएम मोदी की हिम्मत नहीं है कि वह चीन का नाम अपनी जुबान पर ला सकें। अग्निवीर से अगर देश की ताकत बढ़ी होती, तो चीन की हिमाकत इतनी नहीं बढ़ी होती। उदित राज ने कहा कि सीआरपीएफ में सीधी भर्ती होती थी, जिसमें 10 प्रतिशत का कोटा देकर बेरोजगारी और बढ़ाई गई है। ये लोग भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी जो कहते हैं, उसका विपरीत अर्थ निकालने से ही सही अर्थ निकलता है, जैसे 2 करोड़ रोजगार देंगे, लेकिन 2 करोड़ रोजगार छीन लिए। वैसे ही अग्निवीर के माध्यम से सेना की मजबूती की बात कर रहे हैं, तो मान लेना चाहिए की सेना कमजोर हो रही है। प्रधानमंत्री की आदत में है कि वह झूठ बोलते हैं। वह कहते हैं कि सेना मजबूत हुई तो मान लेना चाहिए कि सेना कमजोर हुई। पीएम मोदी ने कहा था कि गैस-डीजल-पेट्रोल के दाम सस्ते होंगे, लेकिन सभी के दाम दोगुना हो गए। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में ही पेंशन खत्म किया गया। 10 सालों में लाखों नौकरियां खत्म कर दी गई, तो पेंशन देने का कोई मतलब ही नहीं है। पुराने कर्मचारियों की पेंशन भी खत्म कर दी। इनकी सरकार ने युवाओं को रोजगार नहीं दिया, बल्कि युवाओं को बेरोजगार बना दिया। हम पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का समर्थन करते हैं। क्योंकि, यह पंडित नेहरू, राजीव गांधी, इंदिरा गांधी की देन है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार झूठ बोलती है। अगर सेना सशक्त हुई है तो चीन ने भारत की 4,500 किलोमीटर जमीन कब्जा कर ली है, उसे वापस लिया जाए। इन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 खत्म होने के बाद आतंकवाद का सफाया हो जाएगा। लेकिन, वहां तो आतंकवाद बढ़ रहा है।

# नीट यूजी पेपर लीक केस की जांच में धनबाद पहुंची सीबीआई की टीम

**धनबाद।** नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम झारखंड के धनबाद पहुंची है। जांच टीम ने यहां के तालाब से मोबाइल फोन बरामद किए हैं। नीट यूजी पेपर लीक केस को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की टीम धनबाद के सुदामडीह थाना क्षेत्र के एक तालाब की जांच करने के लिए पहुंची है। पहले भी सीबीआई की टीम इस तालाब की जांच कर चुकी है। तालाब से एक बोरा बरामद हुआ है, जिसमें कई सारे मोबाइल सेट हैं। मोबाइल सेट के अलावा कई अन्य सामग्रियां भी बरामद हुई हैं। स्थानीय थाने की पुलिस टीम जांच को लेकर सीबीआई का पूरा सहयोग कर रही है। फिलहाल बरामद सामग्री को लेकर सीबीआई टीम पटना के लिए रवाना हो गई है। शुक्रवार को सीबीआई का पहला आधिकारिक बयान भी सामने आया। इसमें कहा गया है कि नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र 5 मई की सुबह हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से पंकज कुमार उर्फ आदित्य उर्फ साहिल नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से प्राप्त किया गया था, जो इस मामले के मास्टरमाइंड में से एक है। बता दें कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने अब तक 33 जगहों पर छापेमारी की है। इस मामले में अब तक 36 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से 15 को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अब तक कई सबूत जुटाए जा चुके हैं। जांच अभी चल रही है।



# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से जिलाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

## पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व समयनिष्ठता से कार्य करने से प्राप्त हो जायेंगे सभी लक्ष्यः इन्द्र विक्रम सिंह





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व से सम्बंधित) की समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान अवस्थापना, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आबकारी, आवास, उपभोक्ता सरक्षण एवं बाटमाप, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, परिवहन, भूतत्व एव खनिकर्म, राज्य कर, लोक शिकायत, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, सैनिक कल्याण, लोक शिकायत विभागों से सम्बंधित परियोजनाओं में दिए गए लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ण/निस्तारण ना होने की स्थिति में सम्बन्धित विभागाधिकारी/नोडल अधिकारी से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को बताया गया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आपको दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष आपके द्वारा अपलोड किये गये कार्यों की निगरानी का प्रतिशत और रैंकिंग तय की जाती है। जिसमें प्रत्येक परियोजना में दिये गये लक्ष्य के अनुसार आपके कार्य का प्रतिशत तय करते हुए 10 में से अंक मिलते हैं और उन अंकों के अनुसार आपकी रैंकिंग/ग्रेडिंग ए+, ए, बी, सी, डी और ई निर्धारित होती है। इसके उपरान्त प्रत्येक माह के अन्त में जिले की सभी परियोजना में मिले प्राप्तांक का कुल प्रतिशत निकाला जाता है और उसके बाद सभी जनपदों के प्रतिशत के अनुसार उनकी रैंक निर्धारित होती है।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम जिस विभाग के रैंकिंग खराब है और वे बैठक में उपस्थित नहीं है उन सभी को स्पष्टीकरण कॉल किया जाए। इसके साथ ही जिस विभाग की ई रैंकिंग आई है वे स्पष्टीकरण दें कि उनकी ई रैंकिंग क्यों आयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग के नोडल अधिकारी किसी खास कारण से बैठक में उपस्थित न हो सके उन्हें सूचित किया जाता है कि वे प्रतिनिधि स्वरूप जिन्हें भेजे उन्हें बैठक के सभी बिन्दु के बारे में विस्तार से जानकारी होनी अनिवार्य है और यह निर्देश सभी बैठकों हेतु हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैंकिंग अंकित होने से पूर्व ही समयानुसार सम्बंधित सभी अपर जिलाधिकारी एक बार, उप-जिलाधिकारी दो बार, तहसीलदार चार बार, नायब तहसीलदार 8 बार बैठक करना सुनिश्चत करें। जिससे की समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरणों का पूर्ण निस्तारण किया जा सके। हमें अपने कार्य की प्रति ईमानदारी, कत्तर्व्यनिष्ठा और समयनिष्ठता रखनी है और इससे ही हमारी रैंकिंग टॉप पर हो जायेगी। शासनादेश अनुसार जन सेवा से करने से हमारे लक्ष्यों की पूर्ति हो जायेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, सम्बंधित विभागों के नोडल अधिकारी/प्रतिनिधि, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस के 25 वे वर्ष पर एक पौधा शहीदों के नाम अभियान का किया शुभारंभ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जेएमएस आईटी मसूरी में कारगिल विजय दिवस के 25 वे वर्ष पर एक पौधा शहीदों के नाम अभियान शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण दीक्षित, उप जिला अधिकारी गाजियाबाद, संस्थान के सेक्रेटरी डॉ हिमांशु सिंहल, निदेशक डॉ अनिरुद्ध विश्वास व एडमिन ऑफिसर पीके भारद्वाज ने सभी की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सैनिकों के शौर्य को नमन किया। डॉ विश्वास ने कहा कि आज कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ है। सैनिकों के साहस की पराकाष्ठा व उनके उच्चतम बलिदान को नमन कर, हमे उस गौरवशाली समय को याद रखना चाहिए। उन्होंने संस्थान द्वारा आज से आरंभ होने वाले एक पौधा शहीदों के नाम अभियान की घोषणा की तथा बताया कि इस अभियान में 11,000 पौधे, जनपद गाजियाबाद व हापुड़ में लगाए जाएंगे। अभियान का आरंभ डॉ अरुण दीक्षित ने एक पौधा रोप कर किया। उन्होंने संस्थान का धन्यवाद दिया व अभियान की सराहना कर, सभी का मनोबल बढ़ाया। तत्पश्चात सभी प्रोफेसर्स, स्टाफ और सभी छात्र छात्राओं ने अपने पौधों का रोपण किया तथा उन्हें पालने का संकल्प लिया। अभियान के संचालन कर रही अंकिता चौधरी, एडमिशन हैड ने सभी को इसकी पूर्ण सफलता के लिए विश्वास दिलाया। डॉ विश्वास ने सहर्ष पौधों की व्यवस्था कराने का आश्वासन व अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। डॉ गौरव शर्मा, कैंपस मैनेजर ने बड़े उत्साह से सारी व्यवस्था को निपुर्णता के साथ संभाला। इस अवसर पर सभी पाठ्यक्रमों के छात्र छात्राएं व संस्थान परिवार के सदस्य, शहीदों के प्रति कृतज्ञ व अभियान के प्रति आशान्वित व उत्साहित दिखे।

# यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने की अफ्रीका-एशिया मेडिकल कोलैबोरेशन कांग्रेस की मेजबानी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशाम्बी यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स ने अफ्रीका एशिया मेडिकल कोलैबोरेशन कांग्रेस का आयोजन किया। इस आयोजन में 13 देशों के 45 प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें केन्या, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण सूडान, तंजानिया, युगांडा, डीआर कांगो, इथियोपिया, मोजाम्बिक, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, बांग्लादेश और भारत शामिल थे।

कांग्रेस का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स और भाग लेने वाले अफ्रीकी और एशियाई देशों के बीच मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने के अवसरों का पता लगाना था। इस आयोजन में स्वास्थ्य संबंधी वातालर्प, विचार-विमर्श और यशोदा के अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के दौरे शामिल थे।

यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन, डॉ. पीएन अरोड़ा ने कहा कि हमारे लिए यह सम्मान की बात है, कि हमने इतने प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। यह कांग्रेस अफ्रीकी और एशियाई देशों के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करने और हमारी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदर्शित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन में स्वास्थ्य सेवा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञता और संसाधनों के साझा करने के महत्व पर जोर दिया गया ताकि वैश्विक स्तर पर मरीजों के परिणामों में सुधार हो सके। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक, डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि अस्पताल वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कांग्रेस ने हमें अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और हमारे प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ भविष्य के सहयोग पर चर्चा करने का मंच प्रदान किया है।

हेल्थियंस के निदेशक, अभिक मोइत्रा ने कहा कि यह आयोजन स्वास्थ्य सेवा में सहयोग की शक्ति का प्रमाण रहा है। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, हम नवाचारपूर्ण समाधान और विश्वस्तरीय मरीज देखभाल की दिशा में अग्रसर हैं।

# कारगिल शहीद दिवस पर पुष्प अर्पित किए



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित गौड़ सिटी-2 के 14 एवेन्यू के निवासियों ने शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। वर्ष 1999 में देश के कारगिल इलाके में पाकिस्तानी सेना द्वारा कारगिल की पहाड़ियों पर किए गए कब्जे और भारतीय सैनिकों पर बरसाई गई गोलियों के विरोध और इस दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों के सम्मान एवं स्मृति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही शहीदों की स्मृति में मौन रखने के साथ शहादत प्रतीक चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। 26 जुलाई के दिन 1999 में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़ कर कारगिल चोटी पर विजय प्राप्त की थी। कारगिल चोटी पर फतह करते हुए 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे।

# मेरी कांवड यात्रा की यादें



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कांवड़ यात्राः हर साल श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवडिये हरिद्वार आकर गंगा जल से भरी कांवड़ लेकर पदयात्रा करके अपने गांव वापस लौटते हैं। इस यात्राको कांवड़ यात्रा बोला जाता है। ऐसे ही बाबा भोले के एक भक्त भूपेंद्र उपाध्याय ने 36 जुलाई 2011 को हरिद्वार से जल लेकर अपने गांव झंडापुर में 8 दिनों के पैदल यात्रा के पश्चात लगभग 200 किलोमीटर यात्रा संपन्न कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया है। हर बार डाक कावड़ लेकर आते है अपनी टीम के है। इस बार पद यात्रा कर कावड़ लेकर आ रहे है। श्रावण की चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने निवास के आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है। कहने को तो ये धार्मिक आयोजन भर है, लेकिन इसके सामाजिक सरोकार भी हैं। कांवड के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए हैं।

## समझौता ना करने पर तमंचा लगाने का आरोप

**मोदीनगर करंट क्राइम।** घर में घुसकर महिला के साथ चार युवकों द्वारा दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। रिपोर्ट दर्ज करने पर आरोपी, महिला के देवर को तमंचा दिखाकर डरा रहे है। महिला ने थाने में तहरीर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला का आरोप है कि गत 19 जुलाई को चार युवक जबरन मेरे कमरे में आ गए और मेरे कपडे उतार कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। चीखने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाने में तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला का आरोप है कि अब आरोपी लगातार समझौता करने का दबाव डाल रहा है। इतना ही नहीं आरोपियों ने मेरे देवर की कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देकर पुलिस कार्रवाई ना करने की बात कही है। महिला ने फिर से इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## जल्द आएगी खाकी की शिव भक्ति वाली तस्वीरें

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को लेकर जोर और शोर शुरू होने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि शनिवार की रात से कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने के साथ ही मेरठ रोड से लेकर अन्य मार्गों पर शिव भक्तों का सैलाब नजर आएगा। तो वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस बार खाकी भोले बाबा के भक्तों की सेवा करने वाली तस्वीरों को लेकर ज्यादा चर्चाओं में रहेगी। सुनने में आ रहा है कि जिस तरीके से कांवड़ यात्रा को लेकर कई जिलों में बवाल, हंगामा और वीडियो वायरल हो रही हैं इसको लेकर लोकल पुलिस क्या करेगी देखना होगा। वहीं इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ नया करने का प्लान बना है। सूत्रों ने बताया है कि कमिश्नरेट के प्रत्येक थाने के जो अनाउंसमेंट सिस्टम होते हैं, उसपर कांवड़ियों के लिए भजन, उनके मार्ग संचालन और शिव भक्तों को रास्ता, भोजन स्थल व उनका सम्मान करें जैसे अनाउंसमेंट भी सुनने को मिलेंगे। वहीं देहात के साथ ही सिटी, देहात और नदियापार के थाने जो मुख्य मेरठ रोड कावड़ मार्ग का हिस्सा है वहां पर खास फोकस किया गया है। खाकी कांवड़ियों के बीच एक अलग संदेश जाए, पुलिस का गुस्से वाला रूप वहां प्रदर्शित न हो, वहीं पुलिस के रूप में नजर आएंगे। देखना होगा कि आने वाले दिनों में जब कांवड़ यात्रा के दौरान भीड़ बढ़ेगी तो पुलिसिंग की व्यवस्था और इंतेजामत क्या रहते हैं। वैसे पश्चिम के कुछ जिलों से अभी तक की जो तस्वीरें और वीडियो आ रही हैं उसमें बवाल हंगामा और मारपीट प्रमुखता से नजर आ रहा है। वहीं रूट डायवर्जन को लेकर जो 22 जुलाई वाला प्लान बना था, वह अभी सशक्त नहीं हो पाया है। तो अब हल्के वाहनों को लेकर भी रूट डायवर्जन वाला प्लान एक्टिव मोड में आ जाएगा। कांवड़ यात्रा के दौरान देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट की कौन से आईपीएस अधिकारी शिव भक्तों की सेवा बढ़-चढ़कर करते हैं और कौन बैकडोर नजर आते हैं। कुल मिलाकर बड़ी संख्या में इस बार कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। इसके साथ ही बॉडी वार्न कैमरा, ड्रोन और वॉच टावर के जरिए इसे सुरक्षित बनाने का प्रयास भी तेज होगा। उधर कोशिश रहेगी कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कहीं पर भी भोले बाबा के भक्तों और पुलिस के बीच तकरार वाली स्थिति ना आए क्योंकि गाजियाबाद जैसे बड़े शहर से जो संदेश जाता है, उसका असर और आवाज प्रदेश भर में पहुंचती है। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में खाकी की शिव भक्ति वाली तस्वीरें किस जोन से पहले आती हैं और वह क्या संदेश देकर जाती हैं।




# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुई बजट पर चर्चा







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के संयुक्त तत्वावधान में एमआईबी के छात्र-छात्राओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बजट पर चर्चा की गयी। इस चर्चा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बजट के बारे में बताना एवं हाल ही में आये बजट की बारीकियों को समझाना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ सीए विदुर छारिया, एग्जीक्यूटिव कौंसिल मेंबर, आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन गाजियाबाद, मुख्यवक्ता रमनदीप सिंह, निदेशक टैक्स एवं रेगुलेटरी सर्विस एन्स्र्ट एवं यंग, सुखपाल सिंह, निदेशक इंसेंटिव एवं इनडाइरेक्ट टैक्सेशन एन्स्र्ट एवं यंग, राहुल अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, जीएमए एवं सीए अनिल अग्रवाल, आनरेरी सेक्रेटरी, जीएम द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बजट पर चर्चा करते हुए उसका विश्लेषण किया और उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बजट एक वित्तीय योजना है, जो एक निर्धारित अवधि के लिए अपेक्षित आय और व्यय की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। एक अच्छी तरह से संरचित बजट आय और व्यय स्त्रोतों की एक स्पष्ट तस्वीर प्रदान करता है। वक्ताओं द्वारा टैक्स को लेकर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा वक्ताओं से प्रश्न भी पूछे गए जिनके जवाब वक्ताओं द्वारा दिए गए। कार्यक्रम के दौरान मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ० पूजा रस्तोगी एवं प्रो० मयंक पांडेय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो०स्वाति त्यागी द्वारा किया गया।

# स्पेशल ओलम्पिक द गोठिया फुटबाल चैमपियनशिप 2024 की विजेता भारतीय टीम के खिलाड़ी आबिद खान को किया गया सम्मान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्पेशल ओलम्पिक भारत उत्तर प्रदेश के फाईनेस एडवांइजर ललित जायसवाल व ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने आबिद खान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। स्वीडन में संपन हुई स्पेशल ऑलम्पिक द गोठिया फुटबाल चेपिनशिप 2024 की विजेता भारत की टीम के प्रमुख खिलाड़ी एवं आनंद ट्रेनिंग सेंटर के छात्र आबिद खान का ट्रेनिंग सेंटर में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी स्पेशल ओलम्पिक भारत उत्तर प्रदेश के फाईनेस एडवांइजर ललित जायसवाल मुख्य अतिथि व ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन अथिति रहीं। चैम्पियनशिप के फाईनल मैच के बारे में आबिद ने बताया की भारत की टीम ने डेनमार्क को हरा कर ट्राफी पर कब्जा किया है जिसमें उन्होंने भी गोल किया था। मुख्यातिथि ललित जायसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा की आबिद ने न केवल आनंद ट्रेनिंग सेंटर बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया की इस टीम में उत्तर प्रदेश से आबिद के साथ ही कानपुर के भी एक खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया था जिनके सम्मान में मथुरा में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसमें स्पेशल ओलम्पिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष ड़ा. मल्लिका नड्डा मुख्यातिथि रहेंगी। कार्यक्रम में संस्था के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रिंसिपल सिस्टर उशस, मदरजी बेटसी, साइकलोजिस्ट संजीव कुमार, ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के महासचिव सचिन सोनी, दिव्यांशु सिंघल, धीरज त्यागी, स्पीच थेरेपिस्ट सुनील यादव सेंटर के बच्चे, उनके अभिभावक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# गंगनहर में नहाने से मना करने पर कांवड़ियों ने युवक के साथ की मारपीट

## पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन तब जाकर हुए कांवड़िये शांत

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में स्थित गंगनहर में बैरिकेंडिग से आगे नहा रहे कांवड़ियों को टोकना एक युवक को काफी महंगा पड़ गया। कांवड़ियों ने युवक की जमकर धुनाई कर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। इस मामले में किसी भी और कोई तहरीर नहीं आई है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर स्थित शनि मंदिर के पास भी कांवड़ सेवा शिविर लगा हुआ है। कांवड़ सेवा शिविर में दिल्ली व हरियाणा के शिवभक्त रुके हुए थे। बताया जा रहा है कि कुछ कांवड़िए गंगनहर में नहा रहे थे। कुछ कांवड़िए नहर में लगी बैरिकेंडिग से आगे जाकर नहाने लगे। इसी बीच वहां पर मौजूद एक युवक ने कांवड़ियों को बैरिकेंडिग से आगे जाकर ना नहाने की हिदायत दी। इस बात से नाराज होकर कांवड़ियों ने हंगामा करने शुरू कर दिया और टोकने वाले युवक की जमकर धुनाई कर दी। कांवड़ियों का आरोप है कि युवक ने अभद्रता की थी। हंगामा बढ़ने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को शांत कराया। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव का कहना है कि मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियो में लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव शाहपुर निवासी पवन कुमार परिवार सहित रहते है। उनका 15 वर्षीय भतीजा उत्कर्ष त्यागी गत 22 जुलाई को बिना बताए घर से चला गया है। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# निरीक्षण के दौरान अवैध कालोनी में चलता पाया गया बाउंड्रीवाल का निर्माण

## भारी विरोध के बावजूद विशेषकार्याधिकारी द्वारा स्थिति को नियंत्रित कर दिया कार्यवाही को अंजाम





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा दिये गये आदेशों के अनुपालन में उ०प्र० नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु कनिका कौशिक, प्रभारी, प्रवर्तन जोन-1 द्वारा शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खसरा संख्या 225, ग्राम नूरनगर में निर्माणकर्ता सोकी द्वारा अवैध कालोनी की बाउंड्रीवाल, हम-तुम रोड पर पिंटू त्यागी द्वारा विकसित की जा रही अवैध कालोनी में निमार्णाधीन भवन, सड़कों, बिजली के पोल तथा हम-तुम रोड पर अमरीश कुमार द्वारा अवैध रूप से निर्मित 03 दुकानों को पूर्ण रूप से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान जन सामान्य द्वारा कई स्थलों पर भारी विरोध किया गया। परंतु विशेषकार्याधिकारी कनिका कौशिक द्वारा अपनी सूझबूझ व पुलिस बल के सहयोग से स्थिति को नियंत्रित करते हुये कार्यवाही को अंजाम दिया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान सहायक अभियंता रूद्रेश शुक्ल, समस्त अवर अभियंता व सुपरवाईजर तथा जी0डी0ए0 पुलिस बल उपस्थित था। जन सामान्य को बताया गया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण कार्य न कराया जाये तथा जोन से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। साथ ही निर्माणकताओं/विकासकताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।

# श्रीलंका में सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव, विक्रमसिंघे ने निर्दलीय मैदान में उतरने का किया ऐलान

**श्रीलंका।** श्रीलंका के 2022 में आर्थिक रूप से दिवालिया होने के बाद यह पहला चुनाव होगा। राष्ट्रपति के वकील रोनाल्ड परेरा ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए विक्रमसिंघे की ओर से राशि जमा कराई। परेरा ने बताया कि राष्ट्रपति एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सितंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपनी उम्मीदवारी का शुक्रवार को एलान किया। इससे पहले द्वीप राष्ट्र के चुनाव आयोग ने घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होंगे। इसके साथ ही महीनों से चल रही अटकलें भी खत्म हो गईं। यह चुनाव नकदी संकट का सामना कर रहे देश में आर्थिक सुधारों का भविष्य तय करेगा।



## रानिल विक्रमसिंघे के वकील ने जमा कराई राशि

श्रीलंका के 2022 में आर्थिक रूप से दिवालिया होने के बाद यह पहला चुनाव होगा। 'डेली न्यूज' अखबार की खबर के मुताबिक, राष्ट्रपति के वकील रोनाल्ड परेरा ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए विक्रमसिंघे (75 वर्षीय) की ओर से राशि जमा कराई। इसके बाद परेरा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे।

## चुनावी दौड़ से बाहर होने की अटकलों पर लगा विराम

देश जब सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, तब विक्रमसिंघे ने द्वीप राष्ट्र की कमान संभाली थी। कुछ हफ्ते पहले उन्होंने एक राजनीतिक कार्यालय भी खोला है। चुनाव लड़ने के लिए राशि जमा होने के साथ ही उन अटकलों पर भी विराम लग गया है, जिनमें कहा जा रहा था कि वह राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो सकते हैं। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, चुनाव आयोग ने एलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए जमा राशि शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से 14 अगस्त की दोपहर तक जमा कराई जा सकती है।

## राष्ट्रपति चुनाव के लिए 15 अगस्त होगा नामांकन

चुनाव लड़ने के लिए नामांकन 15 अगस्त को होगा। विक्रमसिंघे की उम्मीदवारी को लेकर तमाम तरह की अटकलें थीं। दरअसल, उके पास कोई पार्टी नहीं थी। उनकी यूनाइटेड नेशनल पार्टी 2020 में विभाजन के कारण समाप्त हो गई थी।

## आर्थिक बदलावों को भुनाने का प्रयास कर रहे विक्रमसिंघे

विक्रमसिंघे खुद को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पेश करके आर्थिक बदलावों को भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। वह इस बात लोगों से यह बात कह रहे हैं कि कैसे उन्होंने 2022 दिवालिया होने के बाद देश में आर्थिक बदलाव किए।

---

### बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने मेट्रो जलाया तो रो पड़ीं हसीना

# कहा ये कौन सी मानसिकता है, लोग बोले- घड़ियाली आंसू न बहाएं पीएम



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना गुरुवार को आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शन के बाद हुए नुकसान को देखने के लिए मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन का दौरा करने पहुंची। इस दौरान मेट्रो स्टेशन में हुई तोड़-फोड़ को देखकर शेख हसीना के आंसू निकल पड़े। शेख हसीना अपने आंसुओं को टिशू पेपर से पोछतें हुए नजर आईं। मेट्रो स्टेशन की हालत देखकर हसीना ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए बनाई गई व्यवस्था के साथ कोई कैसे तोड़फोड़ कर सकता है। ऐसी कौन सी मानसिकता है जो उन्हें ऐसे काम कराती है। ढट ने आगे कहा कि ढाका शहर जाम से परेशान रहता था।

## लोग बोले- शेख हसीना ने मरे लोगों के लिए आंसू नहीं बहाया

सोशल मीडिया पर लोग शेख हसीना के आंसुओं को 'घड़ियाली आंसू' बता रहे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने प्रदर्शन में मारे गए लोगों और उनके परिवार के लिए इतना दुख नहीं जताया, जितना वे मेट्रो स्टेशन में हुए नुकसान पर जता रही हैं। उन्होंने पूछा कि शेख हसीना ने छात्रों की मौत पर आंसू क्यों नहीं बहाए। दरअसल, बांग्लादेश में पिछले एक महीने से आरक्षण के विरोध में यूनिवर्सिटी छात्रों के द्वारा हिंसक प्रदर्शन किए जा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर आगजनी और तोड़-फोड़ की थी। पुलिस के साथ हुई झड़प में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## बांग्लादेश का सबसे आधुनिक मेट्रो स्टेशन बर्बाद हुआ

मीरपुर-10 बांग्लादेश का सबसे व्यस्त और आधुनिक मेट्रो स्टेशन था। अब इसे बंद किया जा चुका है। प्रदर्शनकारियों ने मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। इसमें मेट्रो की वेंडिंग मशीन और सिग्नल कंट्रोलिंग स्टेशन को नुकसान पहुंचा है। मेट्रो रेल के एक अधिकारी ने कहा कि ट्रेन को दोबारा शुरू करने में कितने दिन लगेंगे, यह जानने में भी कम से कम दो हफ्ते लग जाएंगे। रेलवे पर सुरक्षा इंतजामों का पूरी टेस्टिंग होने के बाद ही पहले की तरह मेट्रो व्यवस्था शुरू होगी।

---

# ओलंपिक उद्घाटन समारोह से पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क में आगजनी

## यातायात बुरी तरह हुआ प्रभावित





**पेरिस।** एस.एन.सी.एफ. ने घोषणा की कि फ्रांस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में स्थित लाइनें प्रभावित हुई हैं। इससे पड़ोसी देश बेल्जियम और लंदन जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। फ्रांस की राष्ट्रीय रेल कंपनी एस.एन.सी.एफ ने शुक्रवार को एक बयान जारी कहा कि उनकी हाई-स्पीड रेल लाइनों पर आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं। इसके चलते यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। गौरतलब है कि आज पेरिस ओलंपिक की शुरूआत हो रही है और आज ही उद्घाटन समारोह होना है। दुनियाभर के खेल प्रेमी पेरिस पहुंचे हुए हैं और ऐसे में यातायात प्रभावित होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## पेरिस को पश्चिम, उत्तर और पूर्व से जोड़ने वाली लाइनें हुईं प्रभावित

एस.एन.सी.एफ. ने घोषणा की कि फ्रांस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में स्थित लाइनें प्रभावित हुई हैं। इससे पड़ोसी देश बेल्जियम और लंदन जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले सरकारी अधिकारियों ने इन घटनाओं की निंदा की, जो फ्रांस के आसपास हो रहे हैं, हालांकि इन घटनाओं का खेलों से जुड़े होने के तत्काल कोई संकेत नहीं मिले हैं। फ्रांस की पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है कि असल में क्या हुआ और आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं क्यों हुईं।

इन घटनाओं के चलते रेल नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में रेल यात्री स्टेशनों पर फंस गए। फ्रांसीसी मीडिया ने रेल नेटवर्क के पश्चिमी मार्ग पर आग लगने की खबर दी थी। जिस तरह से समन्वित तरीके से आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया गया, उसे लेकर जांच चल रही है कि इसके पीछे किसकी साजिश है।

## आठ लाख यात्री हुए प्रभावित

फ्रांस में कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं तो कई ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। एसएनसीएफ ने लोगों से अपनी यात्राएं फिलहाल रद्द करने की अपील की है और उन्हें रेलवे स्टेशनों से दूर रहने की सलाह दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं से करीब आठ लाख यात्री प्रभावित हुए हैं।

---

# अमेरिकी संसद में मांग: भारत को नाटो जैसी तवज्जो मिले, पाकिस्तान को दी जाने वाली मदद बंद हो

## चीन को काउंटर करने में मिलेगी मदद

**अमेरिका।** अमेरिकी संसद में गुरुवार को भारत को जापान, इजराइल, साउथ कोरिया और नाटो सहयोगियों के स्तर पर ही तवज्जो देने की मांग उठाई गई है। इसके अलावा पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाता है तो उसके लिए सुरक्षा सहायता बंद करने की भी अपील की गई है। अमेरिकी सांसद मार्को रूबियो ने इसके लिए संसद में एक बिल पेश किया है। बिल में कहा गया है कि भारत को अमेरिका के प्रमुख सहयोगियों के तौर पर ही तकनीकी सहायता की जाए। इसके अलावा आतंकवाद के खतरे से निपटने में भी साथ दिया जाए। इस बिल को अमेरिका-भारत डिफेंस को-ऑपरेशन एक्ट नाम दिया गया है। प्रस्ताव पेश करने के बाद अमेरिकी सांसद ने कहा, कम्युनिस्ट चीन इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। साथ ही वह हमारे क्षेत्रीय सहयोगियों की संप्रभुता का भी उल्लंघन करता रहता है। ऐसे में यह जरूरी है कि अमेरिका भारत जैसे अपने सहयोगियों को चीन से निपटने में मदद करे।



## रूस से हथियार खरीदने पर नहीं लगेगी पाबंदियां

अगर यह बिल पास होता है तो अमेरिका भारत को अपनी क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा के लिए रक्षा, तकनीक और आर्थिक स्तर पर मदद करेगा। इसके अलावा दोनों देशों में मेडिसिन, मिलिट्री और सिविल स्पेस के क्षेत्र में भी को-ऑपरेशन बढ़ेगा। इसके अलावा रूस से इक्विपमेंट खरीदने पर भारत पर पाबंदियां भी नहीं लगेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह पहली बार है जब अमेरिकी संसद में भारत को फोकस में रखकर इस तरह का बिल पेश किया गया है।

## भारत को 'नाटो प्लस' का दर्जा देने की उठी थी मांग

इससे पहले पिछले साल अमेरिकी संसद में भारत को 'नाटो प्लस' का दर्जा देने की भी मांग उठी थी। अमेरिकी संसद की सिलेक्ट कमेटी ने इसकी सिफारिश की थी। भारत को हथियार और टेक्नोलॉजी ट्रासंफर करने में तेजी को उद्देश्य बताकर नाटो प्लस का दर्जा देने की कवायद शुरू की गई थी।

कमेटी का मानना था कि चीन ताइवान पर हमला करता है तो सामरिक तौर पर कड़ा जवाब देने के साथ-साथ क्वॉड को भी अपनी भूमिका बढ़ानी होगी। हालांकि, भारत ने स्पष्ट संकेत दिया था कि वह ह्यनाटो प्लस में शामिल नहीं होना चाहता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने साफ किया था कि ह्यनाटो प्लसह्ल के दर्जे के प्रति भारत ज्यादा उत्सुक नहीं है।

## क्या है नाटो प्लस

मूल नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) में 31 सदस्य देश हैं। अमेरिका ने नाटो प्लस संगठन बनाया हुआ है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इजरायल, जापान और दक्षिण कोरिया हैं। इन देशों के साथ अमेरिका के सामरिक संबंध हैं।

---

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति पर 10 लाख डॉलर की लॉटरी टिकट चोरी का आरोप

**न्यूयॉर्क।** एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर न्यूयॉर्क में 10 लाख डॉलर के जीते हुए लॉटरी टिकट को जालसाजी से हड़पने का आरोप है। रदरफोर्ड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि मीर पटेल (23) को सोमवार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। टिकट खरीदने वाले को उसके जीतने की जानकारी दे दी गई है। लॉटरी टिकट की कथित तौर पर चोरी टेनसी स्टेट के मुर्फ्रीसबोरो में पेट्रोल पंप में हुई थी, जहां पटेल काम करता था। एक समाचार पत्र के अनुसार, जब लॉटरी टिकट खरीदने वाले व्यक्ति ने उससे स्कैन करके यह जांचने के लिए कहा कि कुछ जीता है या नहीं, तो उसने कथित तौर पर कहा कि बहुत कम राशि जीती है। जिसके बाद उसने ग्राहक को कम राशि दे दी और और कूड़े में फेंक दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, जब वह व्यक्ति स्टोर से चला गया तो पटेल ने लॉटरी के टिकट को कूड़ेदान से बाहर निकाला। छिपे हुए हिस्से को खरोंच कर टिकट पर लिखी जीत की राशि ढूंढी और उसे लॉटरी दफ्तर ले गया लेकिन कर्मचारियों को कुछ संदेह हुआ। जांचकर्ता विक डोनोहो के अनुसार, "लॉटरी के जांचकताओं ने



पेट्रोल पंप के कैमरों में लगे वीडियो फुटेज लिए। जिसमें दिखाया गया है कि वह कूड़ेदान से टिकट उठाता है और टिकट के सामने वाले हिस्से को खरोंचने के बाद स्टोर में जश्न मनाता है। दरअसल, उसमें 10 लाख डॉलर का इनाम था और वह इस खुशी में जश्न मना रहा था। इसके बाद शेरिफ कार्यालय को सूचित किया गया और पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, क्रेग और डोनोहो ने खरीदार की पहचान करने के लिए स्टोर के वीडियो देखे और उसे लॉटरी की राशि जीतने के बारे में बताया।

---

# अलास्का एयर डिफेंस जोन में दिखे चीन और रूसी लड़ाकू विमान, यूएस ने मौके पर भेजे फाइटर जेट

**वाशिंगटन।** उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) ने बुधवार को बताया कि उसने अलास्का के तट के पास बमों से लैस चीन और रूस के दो लड़ाकू विमानों को देखा। इन विमानों को रोकने के लिए उन्होंने मौके पर अपने फाइटर प्लेन भेजे। उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने कहा कि उसने दो रूसी टीयू-95 और दो चीनी एच-6 सैन्य विमान का पता लगाया, जो अलास्का एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में काम कर रहे थे। एनओआरएडी ने कहा कि कनाडा और अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने मिलकर चीन और रूस के चार विमानों को रोक दिया। कमांड ने कहा कि इन विमानों ने अमेरिका या कनाडा के हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में ही उड़ते रहे। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, कमांड ने कहा कि चीन और रूसी विमानों की ओर से किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियां देखने को नहीं मिली है। कमांड ने कहा कि वह उत्तरी अमेरिका के पास निगरानी करना जारी रखेंगे। उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने कहा, ह्यवायु



रक्षा पहचान क्षेत्र में किसी भी अन्य विमान को अपनी पहचान देनी होती है। कमांड के अनुसार, यह एक अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र क्षेत्र है, जिसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी विमानों की पहचान की आवश्यकता होती है।ह्व

इससे पहले कमांड ने मई में कहा था कि वह अलास्का एडीआईजेड में चल रहे चार रूसी सैन्य विमानों का पता लगा रही है। उस समय उन्होंने कहा था कि यह गतिविधि नियमित रूप से होती है और इसे खतरे के रूप में नहीं देखा जाता है।

---

# जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री से कहा, रिश्ते सामान्य बनाने के लिए एलएसी का सम्मान जरूरी

**वियनतियाने।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां लाओस की राजधानी में आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर भारत-चीन संबंधों में आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता के महत्व पर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने वांग यी के साथ बैठक के बाद एक्स पर पोस्ट किया, हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में चल रही चचाओं को जारी रखा।

सीमा पर स्थिति का असर हमारे संबंधों की स्थिति पर अनिवार्य रूप से दिखेगा। सेनाओं के बीच टकराव रोकने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन की आवश्यकता पर सहमति बनी। जयशंकर ने कहा, एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) और पिछले समझौतों का पूरा सम्मान



सुनिश्चित करना चाहिए। हमारे संबंधों को स्थिर करना हमारे आपसी हित में है। हमें वर्तमान में जरूरी मुद्दों को उद्देश्य और तत्परता की भावना के साथ देखना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने जुलाई में अस्ताना की उनकी पिछली बैठक के बाद से स्थिति की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें उनकी बातचीत द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण करने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने पर केंद्रित थी। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है, सीमाओं पर शांति और स्थिरता तथा एलएसी का सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति के लिए आवश्यक है।

दोनों पक्षों को अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। दोनों पक्ष चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय पर कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की एक प्रारंभिक बैठक भी आयोजित करेंगे।

---

# पीटीआई नेताओं की रिहाई के लिए समर्थक करेंगे देशभर में प्रदर्शन, महंगाई को लेकर धरने पर बैठने की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पीटीआई ने दावा किया कि देशभर में विरोध प्रदर्शन से पहले उनके नेताओं को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने पीटीआई नेता ने रावलपिंडी में उनके नेता राजा बशारतके आवास पर छापेमारी की थी। यह भी बताया गया कि रहीम यार खान शहर में सांसद जावेद इकबाल समेत दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान तहरीक-ए-इंसाफ और पार्टी के नेताओं की रिहाई के लिए समर्थक देशभर में विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। इसे देखते हुए पाकिस्तान के अधिकारियों ने शुक्रवार को समर्थकों से निपटने की तैयारी कर ली। पीटीआई के अलावा जमात-ए-इस्लामी ने बिजली और अन्य वस्तुओं बढ़ती उच्च लागत को लेकर इस्लामाबाद में प्रदर्शन करने की



घोषणा की। पीटीआई समर्थक 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पीटीआई के अन्य नेताओं की रिहाई के लिए प्रदर्शन करेंगे।

## पिछले साल इमरान कान की हुई थी गिरफ्तारी

पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा दायर पहले तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद इमरान खान को पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान को जमानत दे दी गई थी, लेकिन उन्हें रिहा नहीं किया गया। पीटीआई के अनुसार, समर्थक इस्लामाबाद के नेशनल प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन करेंगे और जमात-ए-इस्लामी संसद भवन के सामने प्रसिद्ध एफ चौक पर धरना देने की योजना बनाई है। हालांकि, पुलिस ने स्थिति को देखते हुए इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। उन्होंने इस्लामाबाद राजमार्ग को भी आंशिक रूप से बंद कर दिया। पंजाब गृह मंत्रालय ने भी प्रांत में सभी विरोध प्रदर्शनों और सभाओं पर प्रतिबंध लगाते हुए धारा 144 लागू कर दी।

## पीटीआई नेताओं के घरों में छापेमारी

पीटीआई ने दावा किया कि देशभर में विरोध प्रदर्शन से पहले उनके नेताओं को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने पीटीआई नेता ने रावलपिंडी में उनके नेता राजा बशारतके आवास पर छापेमारी की थी। यह भी बताया गया कि रहीम यार खान शहर में सांसद जावेद इकबाल समेत दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। पार्टी के कार्यकताओं ने बताया कि पुलिस ने लाहौर में पीटीआई नेता मेहर नईमुल्लाह के घर और कैंप पर भी छापेमारी की। इसके साथ ही उनके पांच दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, नीमुल्लाह वहां से भागने में कामयाब रहे।

पीटीआई महासचिव उमर अयूब खान ने पार्टी के कार्यकताओं से चुनाव की तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा, नई सरकार विफल हो गई है, अब नवंबर के बार नया चुनाव होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को घोषणा की कि पीटीआई एक राजनीतिक पार्टी है। यह राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में महिलाओं और गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित सीट पाने के पात्र है।

---

# इमरान को जेल से छुड़ाएगा अमेरिका सीक्रेट दौरे पर आएगा पाक अमेरिकी दल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को 9 में से 5 कोर कमांडरों ने सुझाव दिया है कि पूर्व ढट इमरान खान को जेल से बाहर आने दिया जाए। ऐसा करके दुनियाभर के निवेशकों को सकारात्मक संकेत मिलेगा और देश में राजनीतिक स्थिरता आएगी।

अभी जनरल असीम मुनीर अड़े हुए हैं और उन्हें पता है कि जेल से बाहर आने के बाद इमरान को नियंत्रित करना असंभव हो जाएगा, क्योंकि इमरान उन पर निशाना साधेंगे। मौजूदा हालातों को देखते हुए माना जा रहा है कि इमरान जेल से बाहर आ सकते हैं, लेकिन यह सिर्फ न्यायपालिका, पाक सेना या शहबाज शरीफ के बूते नहीं होगा। यह पाकिस्तान से हजारों मील दूर से होगा, क्योंकि इमरान की रिहाई के समझौते में अमेरिका का हाथ होगा। अगले हफ्ते एक अमेरिकी प्रतिनिधि पाकिस्तान आ रहा है। सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सरकार और सेना के साथ इस संबंध में कोई गुप्त समझौता भी कर सकता है।

## इमरान की रिहाई के पक्ष में फौज के 5 कमांडर

### कैदी नंबर 804, कभी ना माने हार

इमरान खान के समर्थन में पाकिस्तान में सॉन्ग एलबम भी जारी हो रहे हैं। इनमें मशहूर सिंग सारा अल्ताफ का एलबम कैदी नंबर 804 सबसे पॉपुलर है। इसके बोल हैं- कैदी नंबर 804, कभी ना माने हार। इमरान की पार्टी ढळकने इसे अपना ऑफिशियल सॉन्ग बनाया है। एक अन्य एलबम नाक दा कोका में भी ढट इमरान की कैद का जिक्र किया गया है। इन दोनों एलबमों को अभी तक 5 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। उधर, इमरान खान की पार्टी ढळकने ऐलान किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई के लिए संसद के बाहर भूख हड़ताल की जाएगी।

### क्यों जरूरी है इमरान की रिहाई

पाकिस्तीनी सेना मुश्किल में है क्योंकि शहबाज शरीफ सरकार काम करने में



नाकाम रही है। वहीं, इमरान की लोकप्रियता का मुकाबला नहीं कर पा रही है। जेल से ही इमरान ने शरीफ-भुट्टो परिवार के गठबंधन को बड़ी जीत से रोक दिया। सरकार ने हताशा में घोषणा कर दी कि सरकार ढळकपर प्रतिबंध लगा सकती है, लेकिन इसका इतना बुरा असर हुआ कि कदम पीछे खींचने पड़े। दरअसल, आर्मी चीफ, राजनेता सभी जानते हैं कि पाकिस्तान को राजनीतिक स्थिरता के रास्ते पर लाने के लिए इमरान की रिहाई एकमात्र तरीका है।

### 9 मई हिंसा के 12 केस में इमरान की रिमांड की मांग खारिज

जेल में बंद इमरान खान को बड़ी राहत देते हुए लाहौर हाईकोर्ट ने गुरुवार को पिछले साल 9 मई को हुए दंगों से संबंधित 12 नए मामलों में उनकी भौतिक रिमांड को खारिज कर दिया। इससे पहले, बुधवार को 9 मई की हिंसा के केस में पुलिस जेल में बंद इमरान के पॉलीग्राफ और वॉयस टेस्ट के लिए पहुंची थी. लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इन मामलों में इमरान की गिरफ्तारी इद्दत मामले में बरी होने के बाद हुई। जब वे जेल से रिहा होने वाले थे तो इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ नया तोशाखाना केस दर्ज कर लिया गया। जिसे उन्होंने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि इमरान पिछले एक साल से किसी न किसी मामले में जेल में बंद हैं।




## नहीं थम रहा नेम प्लेट लगाने वाला विवाद

# महंत नारायण गिरी का आशीर्वाद लेकर हिंदू युवा वाहिनी ने दूधेश्वरनाथ मंदिर से कांवड़ मार्ग तक लगाए गर्व से कहो हम हिंदू हैं वाले पोस्टर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भले दुकानों के आगे नेम प्लेट लगाने के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी कर दी हो लेकिन यूपी में इसको लेकर राजनीतिक माहौल खत्म नहीं हो रहा है। शुक्रवार को हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी के साथ मिलकर गाजियाबाद के कई स्थानों पर पोस्टर लगाने का काम किया। जिसमें लिखा था गर्व से कहो हम हिंदू हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इसमें फोटो लगी हुई थी। दुकानदारों से कहा कि वह अपना नाम लिखें और यह अभियान हिंदू दुकानदारों के साथ बड़ी संख्या में चलवाया गया। हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा का कहना है कि पूर्व में कई जगह पाया गया है कि एक धर्म के लोगों द्वारा खाने-पीने के समान में गंदगी और थूकने के मामले सामने आए हैं। तो वहीं शुक्रवार को दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर एकत्रित हुए हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी को दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी आशीर्वाद दिया और कहां की सभी दुकानदार अपनी स्वेछा से नेम प्लेट लगवा रहे हैं ताकि कांड़िये दुकानदार की सही पहचान कर सके।





महंत नारायण गिरी ने कार्यकर्ताओं को दिया आशीर्वाद

### हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता बोले इसमें नहीं है कुछ गलत

**(करंट क्राइम)।** हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष आयुष त्यागी का काकड़ा का कहना है कि अगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह फैसला लिया था कि दुकानदार अपनी स्वेछा से मेन प्लेट लगवाएं, तो इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन अपने हिंदूवादी नेता की बातों का भी हम पालन कर रहे हैं। जानकारी मिली है कि गाजियाबाद में कई स्थानों पर नेम प्लेट लगवाने का यह कार्यक्रम शुक्रवार को चलाया गया है। इस दौरान दुकानों पर नेम प्लेट लगवाने वालों में मोहित त्यागी, संजीव वाल्मीकि, सुशील प्रजापति, निशांत त्यागी, पुष्कर कुमार, मोनू उपाध्यक्ष, राहुल वर्मा, बबलू बंसल, नवनीत त्यागी, मनीष नागर, शिवम शर्मा, प्रवीन शर्मा, सिकंदर सुधा, धनेश मित्तल, सनी वाल्मीकि, सागर चड्ढ़ा, अंकित त्यागी सहित बड़ी संख्या में हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी शामिल रहे।

### पुलिस और खुफिया तंत्र हुआ अलर्ट

(करंट क्राइम)। शुक्रवार को जब घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में दूधेश्वरनाथ मंदिर के आसपास की दुकानों पर हिंदू दुकानदारों के नेम प्लेट करवाए जा रहे थे, तो पुलिस और लोकल इंटेलीजेंस के अधिकारी भी अलर्ट मोड पर आ गए। दरअसल वर्तमान में कांवड़ यात्रा का माहौल चल रहा है और ऐसे में किसी प्रकार का कोई तनाव न हो, इसको लेकर पुलिस भी वहां पहुंच गई थी।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के 2 मंडल अध्यक्षों ने कर दिया है अपनी सियासत को रेसलर और कमांडर के आगे सरेंडर? बता रहे मंडल वाले कि पुरम वाले गाते है गीत पहलवान जी के नाम का? फिर क्यों कहा कि अजी इन बातों में कुछ ना धरा? हमारा कहना है एकदम खरा और ये लग जायेगा उन्हे बुरा? इधर वाले मंडल अध्यक्ष की भी हालत है कुछ ऐसी? हमारी छोड़ो इस बात को तो बता देगी नदिया पार की ये वाली धरा?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि करंट वाले काम में मंडल वालों को कर दिया बिजली वालो ने ही कन्फ्यूज? वो बता रहे थे उन्हें काम और उन्होंने कर लिया उन्हे ही यूज? त्यागी जी ने जब बताया काम तो बिजली वालो ने लगाया तिवारी जी पर इल्जाम? कह दिया वो मंत्री जी का नाम लेकर बताते हैं काम? सुना है सीन में हो गई हरीश जी की भी एंट्री? लेकिन पॉवर वालो का करंट नही आया कोई काम? मंडल वालों ने बिजली वालो के सिस्टम से ही कराया काम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांवड़ यात्रा के बैनर पोस्टर में भी लग गया पॉलिटिकल तड़का? किसने किसके पोस्टर में किसके फोटो को नही दी जगह इस बात की भी हो रही है चर्चा? बताते हैं ये किस्सा भी है नदिया पार का? युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने लगाए क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के बैनर? उसने पूर्व मंडल अध्यक्ष को दी जगह लेकिन मौजूदा अध्यक्ष के फोटो को कर दिया बाहर? कहने वाले ने कहा कि ये है अपने खर्चे पर अपना प्रचार? उनकी मर्जी वो जिसका फोटो लगाए और जिसे चाहें उसे कर दें बाहर? इस बात पर नहीं होनी चाहिए कोई भी तकरार? वो चाहें तो कर दे शिकायत उनके लिए खुले हैं द्वार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से आई है वो कृपा लिस्ट वाली बात बाहर? किंग सिटी के दो चेहरों ने जोड़ने शुरू कर दिए हैं कृपा कनेक्शन के लखनऊ वाले तार? सुना है उन्होंने कर लिया है खुद को कभी भी लखनऊ जाने के लिए तैयार? वो लिस्ट के नाम जानने के लिए हैं बेकरार? ये हैं वो दो चेहरे जो भगवा कमांडर से करते हैं मोहब्बत बेशुमार? लखनऊ तो जाना बहाना है, ये कमांडर के दरबार में कर चुके हैं अपनी तमन्नाओं का इजहार? देखते हैं नलके में से कितना पानी निकालेंगे चौधरी साहब बाहर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि किंग सिटी के किस भाजपाई को किस लिए रात भर नींद नहीं आई? उसे जब ये पता चला कि उसका नाम तो लखनऊ के दफ्तर पर भी है चला? सुना है उन्होंने मिला दिया पाठक जी के पास फोन? बताने वाले ने बताया कि बड़ी ही बदली हुई थी उनकी टोन ? उन्होंने कहा कि कुछ भी हो जाए लेकिन उसके नाम पर नही होना है कोई विचार? सुना है उधर से प्रकट हुए हैं कुछ ऐसे उद्गार? यहां कोई लिस्ट नही आई है गाजियाबाद से? आप को किसी ने गलत दे दी है जानकारी? अभी नही हो रही है कोई भी लिस्ट नवंबर माह से पहले जारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के दफ्तर पर भी अब होने लगी है चहल पहल? जो पहले दिखाई नहीं देते थे अब उनकी भी होने लगी है मुद्दो पर दखल? क्या पुराने कांग्रेसी ने कह दी बात खरी? भाई साहब और भी लीडर हैं यहां चुनाव के लिए तैयार? सारे चुनाव लड़ने का टेंडर नही छूटा है एक ही चेहरे के नाम? जरा हाई कमान मांगे तो सही नाम फिर देखना आप घमासान? कांग्रेस वाले हाथ तो खड़े करें? यहां तो साईकिल वालों ने बनाया हुआ है हाथ के सिम्बल पर चुनाव लड़ने का प्लान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैंडपंप वाले करेंगे इस वाले उप चुनाव में कुछ अकेला अकेला सा फील? फूल वाले खेमे में इन दिनों नही है तवज्जो देने का फैशन? आप देख लो लोकसभा चुनाव में हैंडपंप वालों को उन्होंने कितना लिया साथ? कहने वाले ने कहा कि चुनावी गठबंधन फ्रेंडशिप का ट्रेंड है बड़े नेताओं के बीच? यहां के फूल वाले मानते हैं कि इस बगिया को हम ही रहे हैं सींच? जब से बंधी हैं गठबंधन की गांठ? तब से खामोश नजर आ रहे हैं सारे चौधरी साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लाइन पार वाले एक दावेदार का उसी की बिरादरी का देवतुल्य खंगाल रहा है शिजरा? वो बता रहा है कि ये एक बार छोड़ चुका है पार्टी और चला गया था दूसरे दल में? वो कर रहे हैं अपने समाज के नेताओ को सावधान? अगर इसका नाम भी लिया दावेदारी में तो हो जायेगा इसी बात पर घमासान? मेहनत हम करे तो पार्टी कंसीडर भी करे हमारे ही नाम पर? ये बात नहीं है विदेशी, एकदम स्थानीय चर्चा है, 100 प्रतिशत है देशी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि स्कूटी नही मिलने पर हो गया एक भगवाई नाराज? सुना है स्कूटी से ज्यादा बुरा लग गया उसे भगवा लाला जी का अंदाज? लाला जी तो बात कह कर हो गए खामोश? मगर स्कूटी मांगने वाले भगवाई के मन में छा गया रोष? उसने इधर उधर जा-जा कर ये बात कई लोगों को बताई? सुना है जिसने भी सुनी बात उसके ही चेहरे पर एक अजीब सी हंसी आई?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या रहेगा इस बार उप चुनाव में लाइन पार से मतदान का सीन बहुत ज्यादा उदासीन? सुना है देवतुल्यों ने खुद को कर लिया है अभी से साइलेंट मोड पर? वो चाहते हैं इस बार देखना कोई बड़ा सियासी तमाशा? लगाने वाले ने तो लगा ली है इस बात की भी शर्त? अगर हो जाए 15 प्रतिशत भी मतदान तो मैं ले लूंगा सक्रिय पॉलिटिक्स से सन्यास? सुना है राम के प्रिय लक्ष्मण लगा रहे हैं इस बात पर मोहर? बिछा रहे हैं कुछ अलग ही तरह की क्षेत्र में चौसर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# नगर आयुक्त ने शहरवासियों से की होम कंपोस्टिंग की अपील

## कहा होम कंपोस्टिंग अपनाने वाले 1000 उत्कृष्ट नागरिकों को राज्य स्तर पर किया जाएगा सम्मानित

### घर में ही गीले कचरे से खाद बनाएं स्वच्छता अपनाये- नगर आयुक्त






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशों के अनुपालन में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा होम कंपोस्टिंग को लेकर शहर वासियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में डोर-टू-डोर स्वच्छ भारत मिशन की टीम के सदस्य घर घर जाकर हर घर स्वच्छता हर घर हरियाली का नारा दे रहे हैं। गाजियाबाद नगर निगम लोगों को कचरा पृथक्करण के लिए भी जागरूक कर रहा है। इस मुहिम को आगे बढ़ते हुए गीले कचरे से खाद बनाने के कार्य विधि को हर नागरिक को समझाया जा रहा है जिसके लिए पांचो जोन में अभियान भी चल रहा है। नगर आयुक्त द्वारा भी शहर वासियों से गीले कचरे से खाद बनाकर अपने घर के बाल्कनी गार्डन, ट्रे गार्डन में अन्य लगे हुए पौधों में खाद का उपयोग किए जाने के लिए अपील की जा रही है।

नगर आयुक्त ने बताया कि शासन स्तर से भी लगातार सभी नगर निकायों में होम कंपोस्टिंग को लेकर कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में 15 जुलाई से लेकर 15 सितंबर तक बड़ा अभियान चलेगा। जिसमें हर घर को स्वच्छता और हरियाली के लिए जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भी कार्यवाही की जा रही है स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा स्वच्छ भारत मिशन की टीम मिलकर हर घर को घर पर खाद बनाने की प्रक्रिया को समझाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म भी निकला गया है जिसका बारकोड दिया गया है। इसको स्कैन करने पर फॉर्म ओपन होगा फॉर्म को भरने के उपरांत आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। इसमें गीले कचरे से किस प्रकार खाद बनाई जा रही है उस खाद का इस्तेमाल किस प्रकार आपके द्वारा अपने गार्डन में किया जा रहा है, सभी डिटेल फिलप की जाएगी। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के उपरांत आपका बेहतर कार्य करने पर चयन किया जाएगा जो कि राज्य स्तर से होगा। गाजियाबाद नगर निगम सीमा में जिनके द्वारा होम कंपोस्टिंग को अपनाया गया है, तथा घर पर सब्जी फूलों के पौधे या अन्य लगाए गए हैं उन टॉप 1000 उत्कृष्ट नागरिकों को रू 1000 की तथा टॉप 100 उत्कृष्ट नागरिकों को रू 2000 की टॉप 10 उत्कृष्ट नागरिकों को रू3000 की तथा तीन टॉप उत्कृष्ट नागरिकों को रू5000 की वस्तु उपहार में भेंट की जाएगी। नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से आसपास अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा अपने घर के गीले कचरे से खाद बनाकर अपने घर के गार्डन में उसका उपयोग करने की भी अपील की गई है।

# सर्व पंजाबी समाज की बैठक सम्पन्न, आगामी उपचुनाव में अपने अधिकारों की मांग करने के लिए बनी रणनीति



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को सर्व पंजाबी समाज की बैठक का आयोजन सुखसागर फार्म हाउस में किया गया। इस मीटिंग में सभी सशक्त और सक्षम पंजाबी भाई-बहनों ने हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। मीटिंग की अध्यक्षता महेश आहूजा ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यगणों ने अपने समाज की शक्ति, मिलने वाले अवसरों और भविष्य की चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी उपचुनाव के लिए अपने अधिकारों की मांग करने के लिए रणनीति बनाना था। शहर के विभिन्न हिस्सों में ऐसी कई बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि पंजाबी समाज के लोग एकजुट हो सकें और अपने अधिकारों और वोट के प्रति जागरूक हो सकें। यह प्रयास इसलिए भी महत्वपूर्ण है ताकि अधिक से अधिक पंजाबी भाई-बहन आगामी विधानसभा चुनाव में अपने वोट का सही उपयोग कर सकें। उल्लेखनीय है कि इस विधानसभा चुनाव में लगभग डेढ़ लाख पंजाबी मतदाता हैं। आगामी बैठकों में, सर्व पंजाबी समाज सबसे सशक्त प्रत्याशी के नाम का खुलासा करेगा और समाज के हित में आगे की रणनीति तय करेगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Dinesh Singhal
3h

दो महा 20 दिन के बाद आज से कुछ समय के लिए निज कार्यालय पर बैठना प्रारंभ किया इन बीते समय के लिए आप सभी का जो प्यार मिला है उसका आभार व्यक्त करता हूं।



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल पूरे 2 महीने और 20 दिन बाद सियासी पिच पर एक्टिव हुए हैं। उनके पैर में चोट लगी थी और प्लास्टर चढ़ा। उनका कुशल मंगल जानने के लिए कई नेता उनके घर भी पहुंचे। अब जब दिनेश सिंघल पूरी तरह एक्टिव हुए तो उन्होंने अपनी पोस्ट से सभी का आभार व्यक्त किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी ने पॉलिटेक्निक छात्रों को टैबलेट वितरित किए



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. एन.के. शर्मा, डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. पूजा अरोड़ा ने सरकार के डिजी शक्ति कार्यक्रम के तहत टैबलेट्स वितरित किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी कौशल में सशक्त बनाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा, यह कदम छात्रों की पढ़ाई में सहूलियत प्रदान करेगा और उन्हें आधुनिक तकनीकी युग के लिए तैयार करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि ये टैबलेट्स छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने, डिजिटल सामग्री तक पहुंचने और अपने अध्ययन को और प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। छात्रों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह उनके अध्ययन में बहुत मददगार साबित होगी। एचआरआईटी यूनिवर्सिटी की यह पहल सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे देश के युवा डिजिटल रूप से सक्षम बन सकें।

## महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद ने कारगिल युद्ध में शहीद परिवार के सदस्यों को किया सम्मानित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को शहीदी दिवस पर महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के अध्यक्ष विजय चौधरी ने अपने कांग्रेसी साथियों के साथ कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन गुरविंदर सिंह सूरी के गाजियाबाद स्थित आवास पर उनके छोटे भाई दिवज्योत सिंह को तिरंगा सूत की माला और उनके चाचा अमरदीप सिंह सूरी को शाल पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओबीसी जिला अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य विजयपाल चौधरी, कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह, कांग्रेस नेता हाजी खुर्शीद और कांग्रेस नेता प्रेम प्रकाश चीनी कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आईएएस अतुल वत्स ने मांगी गाजियाबाद क्षेत्र में गैर आवंटित सम्पत्तियों की सूची

## प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए सम्पत्तियों की नीलामी के दिये आदेश





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ किये जाने के लिये विभिन्न योजना में सृजित/अनावंटित परिसम्पत्तियों की जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु अधीनस्थ अनुभागें के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपाध्यक्ष ने आदेश दिया था कि सभी परिसम्पत्तियों का ले आउट से मिलान करते हुये सूची तैयार करा ली जाये ताकि रिक्त परिसम्पत्तियों की जानकारी प्राप्त करते हुये उनको नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जा सके जिससे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति में सुधार लाया जा सके। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न योजनाओं में नवसृजित किये जाने वाले भूखण्डों का विकास कार्य में तेजी लायी जाये। उक्त निदेशों के अनुपालन में राजनगर एक्सटेंशन के ग्राम नूरनगर में खसरा संख्या 96 व 97 में रिक्त अधिग्रहीत भूमि का जोन-1 के सिविल अभियंत्रण एवं विद्युत खण्ड की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। शीघ्र ही उक्त भूखण्डों का बाह्य विकास कार्य कराते हुये नीलामी के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।